संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-156 सोमवार, 08 अप्रैल 2024, पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपये

## रोड शो के दौरान हादसा



### भीड़ से भरा मंच टूटा

**नई दिल्ली,07 अप्रैल 2024(ए)।** बीजेपी ने लोकसभा चुनाव को लेकर मध्यप्रदेश में प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसी के तहत पार्टी के स्टार प्रचारक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जबलपुर में एक किलोमीटर से भी ज्यादा लंबा रोड शो किया। पीएम मोदी के साथ सीएम डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहे। पीएम मोदी खुली जीप में सवार रहे। उन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। लोग पीएम मोदी पर फूल बरसाकर उनका स्वागत कर रहे थे, तो पीएम मोदी भी जनता का अभिवादन कर रहे थे। खास बात ये है कि रोड शो के पूरे रूट में पीएम मोदी के हाथ में बीजेपी का चुनाव चिन्ह कमल का फूल रहा। रोड शो शाम करीब 6.30 बजे कटंगा चौराहे से शुरू हुआ,जो छोटी लाइन पर जाकर खत्म हुआ। रोड शो के रूट में पीएम मोदी के स्वागत के लिए कई मंच बनाए गए थे। कई जगह लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। पीएम मोदी के रोड शो को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। बीजेपी का दावा है कि 50 हजार से ज्यादा लोग रोड शो में जुटे। रोड के दोनों ओर खड़े लोग पीएम मोदी को देखकर उत्साहित दिखे। साथ ही मोदी-मोदी के नारे भी लगा रहे थे। कई लोग अपने हाथों में पीएम मोदी की तस्वीरें लेकर पहुंचे थे। रोड शो के रूट में पीएम मोदी के बड़े-बड़े पोस्टर भी लगाए गए थे। जबलपुर में रोड शो के रूट में साधु-संतों के लिए भी एक मंच बनाया गया था। पीएम मोदी जब यहां पहुंचे तो साधु-संतों ने मंत्रोच्चार के बीच उन पर फूल बरसाकर स्वागत किया। पीएम मोदी ने भी हाथ जोड़कर अभिवादन किया और आशीर्वाद लिया। पीएम मोदी के रोड शो के दौरान शहर के गोरखपुर क्षेत्र में दो स्वागत मंच टूट गए। जिसके चलते मंच पर खड़े लोग नीचे गिर पड़े। बताया जा रहा है कि इस घटना में कुछ लोगों और पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं।

## रामनवमी पर किसी के बहकावे में न आएं

» ममता ने बीजेपी पर लगाया दंगा भड़काने का आरोप

» 19 को वोटिंग और 17 अप्रैल को दंगा कराएगी बीजेपी

» बंगाल में एनआईए एंट्री को लेकर ऐसा क्यों बोलीं ममता बनर्जी...



**पुरुलिया,07 अप्रैल 2024(ए)।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने आज पुरुलिया में एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान ममता ने बीजेपी और जांच एजेंसियों पर निशाना साधते हुए कहा कि एनआई. और सीबीआई भाजपा के भाई-भाई हैं। ईडी और इनकम टैक्स बीजेपी का फंडिंग बॉक्स हैं। हमारे पास लक्ष्मी भंडार है, लेकिन उनके पास ईडी भंडार और सीबीआई भंडार हैं। ममता ने आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच एजेंसियां टीएमसी नेताओं से या तो बीजेपी में शामिल होने या कार्रवाई का सामना करने के लिए कह रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी, सीबीआई, एनआईए और इनकम टैक्स विभाग जैसी एजेंसियां भाजपा के हथियार के रूप में काम कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि बीजेपी हर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को यह कहकर डरा रही है कि जब तक वे भाजपा में शामिल नहीं हो जाते, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। हमने ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी और यह अब पूरे देश में हो रहा है. देशभर में जहां बेरोजगारी बढ़ रही है, वहीं पीएम मोदी घूम-घूमकर गारंटी की बात कर रहे हैं।असल में उनकी गारंटी है नोटबंदी, सीबीआई, एनआईए, इनकम टैक्स, केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग और गरीबों का पैसा रोकना. लोकसभा चुनाव को लेकर अब कुछ ही दिन बचे हैं। 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होगा। इसको लेकर सभी पार्टियां जोरशोर से चुनाव प्रचार कर रही हैं। इस बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि रैलियां और सभाएं करें लेकिन दंगा न करें। उन्होंने कहा कि बीजेपी ही दंगा करेंगे। 19 अप्रैल को वोटिंग है और ये 17 अप्रैल को दंगा करेंगे। भगवान राम आपको ऐसा करने के लिए नहीं कहते हैं। लेकिन ये लोग दंगा करेंगे और दंगा करके एनआईए को राज्य में प्रवेश करा देंगे।

एएनआई की टीम पर हमले की घटना सामने आई है। हमला उस वक्त हुए जब केंद्रीय जांच अधिकारी तृणमूल कांग्रेस के एक नेता के घर पर 2022 में हुए विस्फोट मामले की जांच के लिए पहुंचे थे। शुरुआती इनपुट से पता चला है कि एनआईए टीम की कार पर ईंटें फेंकी गईं, जिससे विंडस्क्रीन क्षतिग्रस्त हो गई।

स्थानीय लोगों ने वाहन को घेर लिया और उस पर पथराव किया गया। हमले में एएनआई के एक अधिकाकरी घायल भी हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी कार्रवाई प्रमाणिक है। एनआईए ने कहा कि उसकी कार्रवाई प्रामाणिक, वैध और कानूनी रूप से अनिवार्य थी। एनआईए की टीम जैसे ही मामले की जांच करने आई तभी अनियंत्रित भीड़ ने उनपर हमला कर दिया। टीम जांच के लिए नरूआबिला गांव में तलाशी लेने गए थे। एजेंसी ने कहा कि हमला पूरी तरह से अकारण और अनावश्यक था और एनआईए को उसके वैध कर्तव्यों को पूरा करने से रोकने का प्रयास था। इसमें बताया गया कि स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में और सीआरपीएफ द्वारा प्रदान किए गए सुरक्षा घेरे में पांच स्थानों पर तलाशी ली गई।

## चुनाव आयोग ने समाचार-पत्रों को किया आगाह

### राजनीतिक विज्ञापन को अखबार की सुर्खियां बनाने बचें

**नई दिल्ली,07 अप्रैल 2024(ए)।** चुनाव आयोग ने समाचार-पत्रों को याद दिलाया है कि लोगों को गुमराह करने के लिए समाचार सुर्खियों के रूप में राजनीतिक विज्ञापन देने में सतर्क रहें। इसमें यह भी कहा गया है कि किसी विशेष पार्टी की जीत की भविष्यवाणी करने वाले विज्ञापनों पर स्पष्ट प्रतिबंध होना चाहिए। निर्वाचन आयोग ने समाचार पत्रों से कहा कि वे लोगों को गुमराह करने के लिए समाचार सुर्खियों के रूप में राजनीतिक विज्ञापन देने में सावधानी बरतें। आयोग ने विज्ञापनों में असत्यापित और आधारहीन आरोपों के मुद्दों को




संबोधित करने की मांग करते हुए कहा, 'चुनाव परिणामों से संबंधित किसी भी प्रकार की अटकल सामग्री से बचा जाना चाहिए।'मीडिया कवरेज पर इस सप्ताह की शुरुआत में जारी एक प्रेस नोट में, चुनाव पैनल ने कहा कि मतदान से पहले और मतदान के दिन प्रिंट मीडिया में विज्ञापनों के लिए संबंधित मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति से पूर्व-प्रमाणन की आवश्यकता होगी।

चुनाव आयोग ने प्रिंट मीडिया का ध्यान भारतीय प्रेस परिषद द्वारा जारी दिशानिर्देशों और चुनाव के दौरान पत्रकारों के आचरण के मानदंडों -2022 की ओर आकर्षित किया। इसी तरह, इसने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को न्यूज ब्रॉडकास्टर्स और डिजिटल एसोसिएशन द्वारा जारी चुनावी प्रसारण के लिए दिशानिर्देश की याद दिलाई।

उसने यह भी कहा कि किसी विशेष पार्टी की जीत का अनुमान लगाने वाले विज्ञापनों पर स्पष्ट पाबंदी होनी चाहिए। निर्वाचन आयोग ने विज्ञापनों में अपुष्ट और निराधार आरोपों के मुद्दे को हल करने के संदर्भ में कहा, ''ज्चुनाव परिणाम से संबंधित किसी भी प्रकार की अटकलबाजी वाली सामग्री से बचा जाना चाहिए।''

## तीन लोगों से फ्लाइंग स्क्वॉयड ने जब्त किए 3.90 करोड़ रुपए

### बीजेपी उम्मीदवार के समर्थक होने का संदेह

**नई दिल्ली,07 अप्रैल 2024(ए)।** फ्लाइंग स्क्वाड की एक टीम ने रविवार को तिरुनेलवेली जा रहे तीन लोगों से 3.90 करोड़ रुपये जब्त किए। अधिकारियों ने बताया कि तीनों एग्मोर से तिरुनेलवेली जाने वाली ट्रेन में सवार हुए थे। टीम ने उन्हें पास के तांबरम में रोका और उनके पास से 3.90 करोड़ रुपये बरामद किए।उनके पास उक्त राशि को ले जाने के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं था। उन पर भाजपा के तिरुनेलवेली लोकसभा उम्मीदवार नैनार नागेंद्रन के समर्थक होने का संदेह है। तीनों पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।



## केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप नेताओं का सामूहिक उपवास

**नई दिल्ली,07 अप्रैल 2024 (ए)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी कैबिनेट के सदस्य,आम आदमी पार्टी के विधायक,सांसद और कार्यकर्ता रविवार को सामूहिक उपवास कर रहे हैं। गौरतलब है कि ईडी ने दिल्ली सीएम को कथित आबकारी नीति घोटाले से जड़े मनी लाउंड्रिंग के एक मामले में गिरफ्तार किया है। ईडी की इस कार्रवाई के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर और पंजाब में शहीद भगत सिंह के गांव खटखड़कलां में 'आप' के विधायक, मंत्री, सांसद, पार्षद और पदाधिकारी उपवास कर रहे हैं। जंतर-मंतर पर दिल्ली कैबिनेट के मंत्रियों के अलावा सुबह से ही आम आदमी पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं का जुटना जारी है।

दिल्ली कैबिनेट में मंत्री और आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश के संयोजक गोपाल राय ने बताया कि




दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश समेत देश के 25 राज्यों की राजधानियों, जिला तथा ब्लॉक मुख्यालयों, गांव व कस्बों में सामूहिक उपवास का कार्यक्रम रखा गया है। गोपाल राय ने बताया कि भारत के अलावा अमेरिका के न्यूयार्क, बोस्टन, लॉस एंजिल्स, वाशिंगटन डीसी; कनाडा में टोरंटो; ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न; ब्रिटेन में लंदन समेत विदेशों में भी कई स्थानों पर सामूहिक उपवास हो रहा है।

जंतर-मंतर पर आयोजित उपवास कार्यक्रम में शामिल दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर दिल्ली वासियों में बहुत रोष है। वे नाराज हैं। लोग जानना चाहते हैं कि मुख्यमंत्री जेल से कब बाहर आएंगे। आतिशी का कहना है कि केजरीवाल ने दिल्ली में बच्चों को अच्छी शिक्षा, लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं और निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराई है। यही कारण है कि लोग उन्हें पसंद करते हैं। दिल्ली समेत पूरे देश के लोग उनकी गिरफ्तारी का जवाब अपने वोट से देंगे।

## जेपी नड्डा की चोरी हुई कार बनारस से बरामद

**नई दिल्ली,07 अप्रैल 2024 (ए)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की पत्नी की दिल्ली से चोरी हुई कार को वाराणसी से बरामद कर लिया गया है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक, चोरी के आरोप में दो लोगों के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, जेपी नड्डा की पत्नी मल्लिका नड्डा की फॉर्च्यूनर कार 19 मार्च को दिल्ली के



गोविंदपुरी इलाके से चोरी हो गई थी। एसयूवी का ड्राइवर सर्विस कराने के बाद गोविंदपुरी स्थित अपने आवास पर दोपहर का भोजन करने गया था, तभी कार चोरी हो गई थी। इसके बाद उन्होंने पुलिस से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर वाहन की तलाश शुरू कर दी थी।पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, एसयूवी को आखिरी बार गुरुग्राम की ओर जाते देखा गया था और उस पर हिमाचल प्रदेश का नंबर था। उन्होंने कहा, हमने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने ऑन डिमांड एसयूवी चुराई थी और इसे नागालैंड ले जाने की योजना बना रहे थे।

## केदारनाथ समेत चारधाम के लिए शुरु होगी रजिस्ट्रेशन

» 10 मई से शुरू हो रही है यात्रा

**नई दिल्ली,07 अप्रैल 2024 (ए)।** केदारनाथ आपदा के बाद से लगातार हर साल सालों की संख्या में भक्त उत्तराखंड के चारधाम की यात्रा कर रहे हैं। उत्तराखंड के चारधाम की यात्रा में भक्त यमुनोत्री,गंगोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ की यात्रा करते हैं। कई भक्त जहां सभी धामों की यात्रा करते हैं, तो कई भक्त एक या दो धाम की यात्रा भी करने के लिए आते हैं। गंगोत्री और बदरीनाथ में आप जहां सड़क के माध्यम से आसानी से पहुंच सकते हैं, तो वहीं यमुनोत्री और केदारनाथ में आपको चलना पड़ता है। भक्तों को सबसे ज्यादा केदारनाथ यात्रा के दौरान चलना पड़ता है। हालांकि आप हेलीकॉप्टर के माध्यम से केदारनाथ आसानी से पहुंच सकते हैं। इस साल चारधाम यात्रा 10 मई से शुरू हो रही है।वहीं, चारधाम यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों को आठ अप्रैल 2024 से



ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा शुरू होने जा रही है। आपको बता दें कि कि सरकार की ओर से किसी भी यात्री को पंजीकरण के बिना चार धाम पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।ऐसे में चार धाम यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए यह जरूरी है कि यात्रा पर जाने से पहले अपना रजिस्ट्रेशन जरूर करवा लें। चारधाम के लिए पर्यटन विभाग ने पंजीकरण के लिए तैयारी पूरी कर ली हैं। इस बार पंजीकरण के बाद पर्ची पर यात्रियों को आवश्यक मोबाइल नंबर भी मिलेंगे।आपकी जानकारी के लिए बता दें, केदारनाथ धाम के कपाट 10 मई को सुबह 7 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। चमोली जिले में स्थित भगवान विष्णु को समर्पित बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को बह्ममुहूर्त का तीर्थ यात्रियों के लिए खुलेंगे। बदरीनाथ धाम के कपाट खोलने की तारीखों का ऐलान बसंत पंचमी के दिन हुआ था। जबकि, गंगोत्री और यमुनोत्री धामों के कपाट अक्ष्य तृतीया के दिन खुलेंगे।

## हिंदू विवाह की वैधता के लिए कन्यादान की रस्म जरूरी नहीं

**इलाहाबाद,07 अप्रैल 2024 (ए)।** यूपी में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक मामले में फैसला लेते हुए कहा कि हिंदू मैरिज एक्ट 1955 के अनुसार हिंदू विवाह में कन्यादान की रस्म निभाना आवश्यक नहीं है। एक्ट के अनुसार यदि शादी में कन्यादान की रस्म नहीं निभाई जाती तो वह शादी अधूरी नहीं मानी जाएगी। जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने 22 मार्च को एक मामले में फैसला सुनाते हुए हिंदू मैरिज एक्ट 1955 के सेक्शन 7 का हवाला दिया और कहा कि हिंदू विवाह में कन्यादान करना एक आवश्यक रस्म नहीं है। कोर्ट ने कहा कि यदि कोई युवक और युवती हिंदू मैरिज एक्ट 1955 के सेक्शन 7 के तहत बताई गई बातों को मानकर उसके अनुसार विवाह करते हैं तो उनकी शादी वैध होगी, भले ही उसमें कन्यादान की रस्म न निभाई गई हो।



इलाहाबाद हाईकोर्ट के लखनऊ बेंच में यह फैसला रिव्यू पिटीशन में सुनाया, जहां याचिकाकर्ता कन्यादान को हिंदू विवाह का जरूरी हिस्सा मानकर इसके लिए कोर्ट में गवाह पेश करने की बात कही। याचिकाकर्ता ने कहा कि विवाह में कन्यादान की रस्म पूरी की गई थी या नहीं इसकी जांच के लिए गवाह पेश किए जाने चाहिए, जिस पर कोर्ट ने साफ किया कि हिंदू विवाह में कन्यादान की रस्म समापन के लिए जरूरी नहीं है। कोर्ट ने कहा कि कन्यादान हुआ है या नहीं हुआ है यह किसी भी मामले के निर्णय को प्रभावित नहीं करेगा।

## तेज रफ्तार कार हीराकुंड एक्सप्रेस से टकराई

» कार चालक की हुई मौत,एक घायल

» 7 घंटे अनूपपुर स्टेशन पर खड़ी रही हीराकुंड एक्सप्रेस

**शहडोल,07 अप्रैल 2024 (ए)।** एमपी के अनूपपुर जिले में तेज रफ्तार कार रेलवे फाटक तोड़कर यहां से गुजर रही हीराकुंड एक्सप्रेस से जा टकराई। इस हादसे में कार ड्राइवर की मौत हो गई जबकि उसका साथी घायल हो गया। ट्रेन के आखिरी तीन कोच को भी नुकसान पहुंचा। इसके चलते वह करीब 7 घंटे अनूपपुर जंक्शन पर खड़ी रही। कोच बदलने के बाद ट्रेन को रवाना किया जा सका। हादसा जैतहरी थाना क्षेत्र में बेलिया फाटक पर शनिवार-रविवार की दरमियानी रात हुआ। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

छिंदवाड़ा निवासी नरेंद्र वर्मा जैतहरी के मोजरबियर प्लांट में काम करते थे।



शनिवार रात वे अपनी कार नंबर एमपी65सी 3984 से परमेश्वर साहू के साथ अनूपपुर आ रहे थे। इसी दौरान करीब 12 बजे बेलिया फाटक पर कार अनियंत्रित हो गई। वह फाटक तोड़ते हुए ट्रैक से गुजर रही हीराकुंड एक्सप्रेस से टकरा गई।

इस घटना में नरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं परमेश्वर को अनूपपुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर उसे बिलासपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

### टक्कर में ट्रेन हुई क्षतिग्रस्त

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि 'कार फाटक का बूम बैरियर तोड़ते हुए ट्रेन के आखिरी डिब्बों से टकराई। जिससे तीन डिब्बों के ब्रेकिंग सिस्टम का पाइप फट गया। हादसे के बाद ट्रेन को अनूपपुर रेलवे स्टेशन लाया गया। सुबह 7:30 बजे डिब्बे बदलने के बाद ट्रेन को रवाना किया गया।'

### ट्रेन के सभी यात्री सुरक्षित

रेलवे ने बताया कि ट्रेन विशाखापट्टनम से अमृतसर की ओर जा रही थी, तभी यह हादसा हुआ। ट्रेसवार किसी भी यात्री को चोट नहीं पहुंची थी। असिस्टेंट लोको पायलट अमरजीत कुमार ने कहा, 'हादसे में ट्रेन की एस 3, एस 5 और एस 6 कोच डैमेज हो गए थे।' वहीं, एसपी जितेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि बेलिया रेलवे फाटक 90 डिग्री के टर्न पर है। कार इतनी स्पीड में थी कि फाटक तोड़ते हुए आगे बढ़ गई।बताया गया कि घायल कार सवार मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के निवासी परमेश्वर साहू को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टर की सलाह के बाद उन्हें अग्रिम स्वास्थ्य देखभाल के लिए पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में स्थानांतरित कर दिया गया।

## आवारा कुत्तों ने महिला को नोच-नोचकर मार डाला

**कुशीनगर,07 अप्रैल 2024 (ए)।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के नन्हू मुंडेरा गांव के पास आवारा कुत्तों ने मानसिक रूप से विक्षिप्त 35 साल की एक महिला को नोच-नोचकर मार डाला। पुलिस चौकी प्रभारी विक्रम अजीत राय के मुताबिक, शनिवार को नान्हू मुंडेरा गांव में नहर के पास स्थानीय लोगों ने आंशिक रूप से खाया हुआ एक शव देखा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। मृतक महिला की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।



अधिकारियों ने पुष्टि की कि उसके पूरे शरीर, विशेषकर उसकी आंखों और गर्दन पर गहरे घाव थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि महिला तीन दिन पहले इलाके में आई थी और गांव के बाहर नहर के किनारे रह रही थी।

ग्राम प्रधान सुरेश कुशवाह ने कहा कि आवारा कुत्तों के आतंक को लेकर कई बार आवेदन दिया गया लेकिन अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की।

## संपादकीय

# वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल पर्चियों की पूरी गिनती की मांग

यह अनिवार्य है कि निर्वाचन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर उठने वाले संदेहों का पूरा निवारण किया जाए। लोकतंत्र में यह विश्वास सबसे महत्त्वपूर्ण होता है कि चुनाव के जरिए वास्तविक जनमत की अभिव्यक्ति हुई है। तभी जनादेश सर्व-स्वीकृत बना रहता है।सुप्रीम कोर्ट ने आश्वासन दिया है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में दर्ज होने वाले वोट और उससे संबंधित वीवीपैट पर्चियों की पूरी गिनती की अर्जियों पर वह समय रहते अपना निर्णय देगा। लेकिन फिलहाल संकेत यह मिला है कि अदालत ने इस मसले को सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं दी है। वरना, सुनवाई दो हफ्तों के लिए नहीं टाली जाती। समस्या यह है कि 19 अप्रैल से मतदान शुरू हो जाएगा। यह तारीख जितनी करीब आएगी, निर्वाचन आयोग की यह दलील उतनी ठोस होती जाएगी कि इस मामले में सिस्टम बदलने के लिए पर्याप्त समय नहीं बचा है।इस मामले में निर्वाचन आयोग के रुख पर पहले से कई सवाल रहे हैं। जबकि ना सिर्फ विपक्ष, बल्कि सिविल सोसायटी के भी बहुत बड़े दायरे में चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गहराते शक के साथ वीवीपैट पर्चियों की पूरी गिनती की मांग जोर पकड़ती गई है। मुमकिन है कि इन संदेहों में कोई दम ना हो। इसके बावजूद यह अनिवार्य है कि निर्वाचन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर उठने वाले संदेहों का पूरा निवारण किया जाए।लोकतंत्र में यह विश्वास सबसे महत्त्वपूर्ण होता है कि चुनाव के जरिए वास्तविक जनमत की अभिव्यक्ति हुई है। तभी मिला जनादेश सर्व-स्वीकृत बना रहता है। अगर इसके विपरीत धारणाएं बनीं, तो फिर पराजित पक्ष अपनी हार को सहजता से स्वीकार नहीं कर पाता, जिससे पूरे राजसत्ता की वैधता को चुनौती मिलने की दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियां पैदा हो सकती हैं। इसलिए इसे आवश्यक माना जाता है कि मतदाता सूची तैयार करने से लेकर चुनाव परिणाम की घोषणा तक का हर कदम विश्वसनीय ढंग से उठाया जाए।दुर्भाग्य से इनमें से कुछ प्रक्रियाओं पर आज संदेह पैदा हो गया है। इसीलिए सुप्रीम कोर्ट ने जब वीवीपैट संबंधी अर्जियों पर फिर से सुनवाई का फैसला किया, तो उससे समाज के एक बड़े हिस्से में उम्मीद पैदा हुई। वीवीपैट पर्चियों की गिनती के खिलाफ व्यावहारिक दिक्कत संबंधी कई दलीलें दी जाती हैं। लेकिन चुनाव प्रक्रिया को संदेहों से परे बनाए रखने के लिए तमाम दिक्कतों को बेहिचक स्वीकार की जानी चाहिए। आशा है, अपना निर्णय देते वक्त सुप्रीम कोर्ट इस आकांक्षा को ध्यान में रखेगा।

# जमीनी हालात एनडीए के अनुकूल नहीं



लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव के इतना कुछ करने के बावजूद बिहार में अब भी उम्मीद है। जमीनी हालात एनडीए के अनुकूल नहीं दिख रहे हैं। नरेंद्र मोदी की लहर या अयोध्या की राम लहर का ज्यादा असर नहीं दिख रहा है। यही कारण है कि मतदाता किसी लहर से प्रभावित होकर या भावनात्मक मुद्दे के असर में वोट डालने की मंशा नहीं जाहिर कर रहे हैं।ध्यान रहे पिछली बार के चुनाव में राज्य की 40 में से 39 सीटें एनडीए को मिली थीं। भाजपा 17 सीटों पर लड़ी थी और सभी सीटों पर जीती थी। एक सीट सिर्फ नीतीश की पार्टी हारी थी। रामविलास पासवान की पार्टी भी अपने कोटे की छह सीटों पर जीत गई थी। इस बार हर कोई मान रहा है कि सीटें कम होंगी। जनता दल यू को ज्यादा नुकसान की संभावना जताई जा रही है। इसका कारण यह भी है कि इस बार भाजपा को रोकने के विपक्षी अभियान की शुरुआत बिहार से ही हुई थी।लोकसभा चुनाव की तैयारियों के साथ विपक्षी गठबंधन बनाने के जब प्रयास शुरू हुए तो सबसे पहले बिहार के ही नेताओं ने कहा था कि अगर 50 सीटें कम कर दी जाएं तो मोदी सरकार बहुमत गंवा देगी। तब नीतीश कुमार विपक्षी गठबंधन बनाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने और उनकी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा था कि यह तो नंबर का खेल है और इस बार विपक्ष मोदी के नंबर्स कम कर देगा। उसके बाद ही आंकड़ों के खेल शुरू हुआ कि कहां से कितनी सीटें कम हो सकती हैं। नंबर्स के इस खेल में बिहार हमेशा अहम रहा। बिहार के अलावा बड़े राज्यों में कर्नाटक और महाराष्ट्र में भाजपा के नंबर्स कम होने की संभावना तभी से देखी जा रही है।भाजपा और नरेंद्र मोदी को हरा कर सत्ता से बाहर कर देने के बरक्स यह एक दूसरा नैरेटिव था कि उसकी 40-50 सीटें कम कर दी जाएं। यह नैरेटिव बनने के बाद मोदी को समझ में आया कि ऐसा हो सकता है। तभी सबसे पहले यह सिद्धांत प्रतिपादित करने वाले नीतीश कुमार को तोडने् का प्रयास शुरू हुआ।उनकी पार्टी के नेताओं पर दबाव डाल कर या करीबी कारोबारियों पर कार्रवाई के जरिए भाजपा कामयाब हो गई। उसने नीतीश को फिर से गठबंधन में शामिल कर लिया। लेकिन इस बार नीतीश के पाला बदलने का बहुत सकारात्मक असर नहीं दिखा। लोगों में नाराजगी दिखी। भाजपा के अपने काडर में भी नीतीश को लेकर दूरी का भाव है। तभी एनडीए में तालमेल पहले जैसा नहीं है।भाजपा बनाम जदयू और जदयू बनाम लोजपा की लड़ाई में कई सीटों पर भितरघात है। कहीं भाजपा के सवर्ण मतदाता नीतीश के उम्मीदवारों को हराने का दम भर रहे हैं तो कहीं जदयू के कोर मतदाता इस बार चिराग पासवान से 2020 के विधानसभा चुनाव का बदला निकालना चाहते हैं तो कहीं चिराग के मतदाता नीतीश के उम्मीदवारों को हराने का संकल्प जाहिर कर रहे हैं।असल में 2020 में चिराग पासवान ने भाजपा का समर्थन किया था और नीतीश के हर उम्मीदवार के खिलाफ अपना उम्मीदवार उतारा था, जिससे नीतीश की पार्टी सिर्फ 43 सीट जीत पाई थी। बाद में नीतीश ने चिराग की पार्टी में विभाजन करा दिया था। सो, दोनों पार्टियों को कोर समर्थक एक दूसरे के खिलाफ स्टैंड लिए हुए हैं।इस बार नीतीश जब से भाजपा के साथ लौटे हैं, तब से भाजपा के इकोसिस्टम से ही उनके ऊपर सबसे ज्यादा हमले हुए हैं। बिहार के लोग यह भी देख रहे हैं कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपनी पगड़ी नहीं खोली है। उन्होंने यह पगड़ी इस संकल्प के साथ बांधी थी कि नीतीश को सत्ता से हटा कर ही इसे खोलेंगे। इससे भी भाजपा और जदयू दोनों के समर्थकों में कंफ्यूजन है।

**-हरिशंकर व्यास-**

# वाह पलटू राम जी

18वीं लोकसभा के चुनावों का बिगुल बज चुका है। यह चुनाव कई चरणों में होंगे। चुनाव आयोग के लिए यह एक परीक्षा की घड़ी है। लेकिन राजनेताओं के लिए इन चुनावों को जीतना एक चैलेंज बन गया है। भाजपा की तरफ से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 400 के पार का नारा लगाया जा रहा है। भाजपा ने इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए व्यूह रचना कर ली है। प्रधानमंत्री मोदी चुनाव का मुख्य चेहरा है। चुनाव जीतने के लिए वह कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों के ऊपर ताबड़तोड़ हमले कर रहे हैं। अपनी बाकपटुता से बड़ी-बड़ी जनसभाओं में लोगों को प्रभावित कर रहे हैं। कभी परिवारवाद, कभी भ्रष्टाचार आदि बातों को लेकर लोगों को अपने भाषणों द्वारा बांध कर रखने की कला वह बखूबी जानते हैं। लोगों को गारंटी पर गारंटी देकर उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। चाहे उनके अनुयाई मंत्री हों, कार्यकर्ता हों या संगठन के और लोग सभी लोग योजनाबद्ध तरीके से तीसरी बार सत्ता पर काबिज होने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। भाजपा एनडीए के तहत विपक्षी दलों के उन मजबूत नेताओं को भाजपा ज्वाइन करवा रही है जिन्हें उनकी पार्टी लोकसभा के चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं देती या फिर जो लोग अपनी पार्टी की कार्यशैली से असंतुष्ट हैं। एनडीए में शामिल होने के लिए विपक्षी दल के नेताओं की भगदड़ मची हुई है और विपक्षी दलों के जख्मों पर नमक छिड़कने के लिए सरकार का समर्थक मीडिया लगातार उन्हें सुबह से लेकर शाम तक प्रमुखता देता रहता है! जो विपक्ष के नेता जैसे अशोक चौहान, बॉक्सर विजेंद्र सिंह, सौरभ वल्लभ आदि भाजपा ज्वाइन कर रहे हैं उसके पीछे कई कारण है! जैसे कुछ लोग सत्ता सुख भोगना चाहते हैं, कुछ लोग ईडी के डर से, कुछ लोग सरकारी टेंडर लेने के लिए, कुछ लोग पैसा लेकर पाला बदल रहे हैं। जिन लोगों को अपनी पार्टी में टिकट नहीं मिल रहा वह लोग दूसरी पार्टी में पलटी मार रहे हैं। इन चुनावों को पलटी मारो के महत्व के तौर पर हमेशा याद रखा जाएगा। ऐसा नहीं कि विपक्षी दलों से भाजपा की तरफ ही पलटू राम जा रहे हैं, भाजपा की तरफ यह दूसरे दलों की तरफ से भी कांग्रेस में कुछ लोग इस उम्मीद के साथ पलटी मार रहे हैं कि हो सकता है कि अगली बार कांग्रेस की सरकार ही आ जाए। कभी आया राम, गयाराम की बात होती थी, कभी गिरगिट की तरह रंग बदलने की बात होती थी, लेकिन आजकल पलटू राम की बात होती है। जब कभी भी कोई बड़ा नेता अपनी पुरानी पार्टी छोड़कर नई पार्टी जॉइन करता है तो उसका माला डालकर या गले में पका डालकर स्वागत किया जाता है, टीवी चैनलों के ऊपर इस मामले को लेकर राजनीतिक दल एक दूसरे पर छींटा कशी करते हैं और इतने में किसी नए पलटू राम का सिलसिला शुरू हो जाता है। कुछ पलटूरामों को करोड़ों रुपए जरूर दिए जाते होंगे, कुछ पालटूरामो को मंत्री बनाने का आश्वासन भी दिया जाता होगा, कुछ पलटूरामो के खिलाफ ईडी, सीबीआई या इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की कार्रवाई न करने का आश्वासन भी दिया जाता होगा, वरना कोई पागल हो गया है के 20-20 साल तक पुरानी पार्टी छोड़कर और बदनामी सहन करके दूसरी पार्टी में जाएगा। कुछ तो कारण होता है पलटने के लिए। जो नहीं पलटता उसकी सेवा करने के लिए ईडी तो है ही। इसके खिलाफ पीएमएलए के तहत एक बार केस शुरू हो गया, गिरफ्तारी हो गई वह जल्दी-जल्दी जेल से तो बाहर आता नहीं। आप मनीष सिसोदिया, जैन आदि आम आदमी पार्टी के नेताओं के बारे में तो जानते ही होंगे जिन्हें दिल्ली में शराब घोटाले के मामले को लेकर जेल में बंद रखा गया है और जिनके जल्दी-जल्दी बाहर आने की उम्मीद नहीं है। और तो और दिल्ली के मुख्यमंत्री, अरविंद केजरीवाल को भी शराब घोटाले को लेकर जेल में बंद कर दिया गया है। इन्हीं बातों से डरते हुए किसी न किसी दबाव के तहत पलटू राम पलट पलट कर एक पार्टी से दूसरी पार्टी में जा रहे हैं। जब कोई पलटू राम अपनी पुरानी पार्टी को छोड़कर नहीं पार्टी में जाता है तो नई पार्टी वाले उसका स्वागत करते हैं। वो लोग भूल जाते हैं कि कुछ दिन पहले तो वह उसको भ्रष्ट और परिवारवादी कहकर पानी पी पी कर उसको पूछ रहे थे। अब क्या हो गया जो उसके गले में माला डाली जा रही हैं। यह राजनीति है साहब! यहां कभी भी कुछ भी हो सकता है। बिहार के मुख्यमंत्री, नीतीश कुमार ने राजद सुप्रीमो, लालू यादव को गले लगाते हुए कहा था.... मर जाऊंगा लेकिन भाजपा में नहीं जाऊंगा... फिर उसी नीतीश कुमार ने एनडीए ज्वाइन कर लिया और प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में एक सार्वजनिक सभा में ऐलान किया... आप लोगों के साथ तो जन्म जन्मातरों का रिश्ता है, मैं आपको कैसे छोड़ सकता हूं.....।




नीतीश कुमार की यह बात सुनकर प्रधानमंत्री मोदी मुस्कुरा रहे थे क्योंकि वह जानते थे कि यह पलटू राम कभी भी फिर पलटी मार सकता है। खैर, साहब! यह सियासत है यहां कट्टर विरोधी राजनीतिक उद्देश्य की प्राप्ति के लिए आपस में मिल सकते हैं!

यह पलटू राम की बात सिर्फ सियासत में ही नहीं हमारे दैनिक जीवन में भी देखने को मिल सकती है। विवाह शादी पर पति पत्नी अग्नि के साथ फेरे लेने के बाद जन्मांतर तक एक दूसरे का साथ देने की कसम खाने के बावजूद शादी के बाद हनीमून से वापस आने के बाद अपने रास्ते अलग हो जाते हैं किसी तीसरे को अपना जीवन साथी चुन लेते हैं। फिल्म इंडस्ट्री में आईएस जोहर, किशोर कुमार विवाह शादी के नाम पर कितनी बार पलटू राम बन चुके हैं यह हम अच्छी तरह जानते हैं और यह सुनहरी सिलसिला आज तक भी जारी है। कई बार तो ऐसा होता है कि विवाह शादी के लिए मंडप सजा होता है, वर और वधू पक्ष की तरफ से बाराती विवाह शादी की रस्में शुरू होने की प्रतीक्षा कर रहे होते हैं। इतने में पता चलता है कि दुल्हन पलटी मार कर अपने प्रेमी के साथ सोने के गहने तथा और कीमती सामान लेकर चंपत हो गई है। कई बार तो ऐसे होता है कि 15 या 20 साल से इकट्ठे रह रहे पति-पत्नी का किसी और के साथ चक्कर चल रहा होता है। पति-पत्नी इकट्ठे रहने के बावजूद भी एक दूसरे के साथ पलटू राम वाला खेल खेल रहे होते हैं।

भाइयों पलटू राम का खेल यहीं समाप्त नहीं होता। कई बार कुछ सुंदर-सुंदर विदेशी जासूस लड़कियां रक्षा विभाग या सामरिक सूचना रखने वाले उच्च अधिकारियों के साथ दोस्ती कर लेती हैं और उनसे गुप्त सूचना प्राप्त करती रहती हैं। और उच्च अधिकारी ऐसी सुंदर लड़कियों के जाल में फंसकर सूचना देता रहता है और मौका मिलते ही वह सुंदर महिला पलटी मारकर अपने देश भाग जाती है। बात यही तक होती तो हम समझ जाते। लेकिन हमने देखा है कि कई कई साल तक सांझेदारी के तहत पुराने मित्र इकट्ठे व्यापार करते हैं। कुछ साल तक तो व्यापार में खूब लाभ होता है, दोनों पक्ष मौज मस्ती करते हैं। लेकिन इतने में एक सांझेदार पलटी मार जाता है, हिसाब किताब में बेईमानी करता है और अपने किसी विरोधी फर्म के साथ मिलकर अपने मित्र का ही बेड़ा गर्क कर देता है। यह पलटू राम का खेल बहुत खतरनाक है, विश्वास के काबिल नहीं। जो पलटू राम आज एक पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी ज्वाइन कर रहे हैं, अगर उन्हें लगा कि यहां उन्हें कोई फायदा नहीं तो कल को वह इस पार्टी को भी लात मार कर दूसरी पार्टी में पलटी मार सकते हैं। इसलिए आप पलटू राम का अपनी पार्टी में आज जितना मर्जी स्वागत कर ले, लेकिन उनके ऊपर आप भरोसा नहीं कर सकते।



**प्रोफेसर शाम लाल कौशल**
रोहतक ( हरियाणा)

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# नारी शक्ति की प्रतिष्ठा का पर्व चैत्र नवरात्रि



नवरात्रि पर्व को हिंदुओं का प्रमुख और पावन पर्व के रूप में माना जाता है।और इस पर्व का पूरे भारतीयों को प्रतीक्षा रहती है।पर अलग-अलग प्रांतों में इसे अलग-अलग नाम देकर मनाया जाता है।इसे कहीं नवरात्रि तो कहीं नवरात्र,तो कहीं नवराते,या जगराता के नाम से जाना जाता है।इस पर्व का इसलिए भी अत्यधिक महत्व बढ़ जाता है क्योंकि इसी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही हमारे भारत मे हिंदुओं के द्वारा नववर्ष मनाया जाता है।तथा दूसरा सबसे अहम और धार्मिक कारण यह भी है कि इस पर्व में स्त्री शक्ति का प्रतिष्ठापन भी किया जाता है।अर्थात नव कन्या के रूप में देवी स्वरूपा नारियों की पूजा की जाती है।यही हमारे देश की सबसे बड़ी महिमा है।

नवरात्रि शब्द संस्कृत शब्द से निकली है, जिसका शाब्दिक अर्थ होता है नवरातें।

### इसके अलावा नवरात्रि से आशय 'नवअहोरात्रों

अर्थात विशेष रात्रियों से है।इस अवसर पर शक्ति के नवरूपों की उपासना की जाती है।यह नवरात्रि सिद्धि का प्रतीक भी माना जाता है।भारत मे हमारे सिद्ध पुरुषों के द्वारा दिन की अपेक्षा रात्रि को विशेष महत्व दिया गया है।इसीलिए दीपावली,होली,और नवरात्रि को रात्रि में मनाने की परम्परा है।यदि ऐसी कोई बात न होती तो रात्रि न कहकर दिन ही कहा जाता।साधना की दृष्टि से शारदीय और चैत्र मास का विशेष महत्व माना गया है।इन दोनों पर्वों में जनमानस आध्यात्मिक और मानसिक शक्ति का संचयन करते हैं।और इसके लिए नाना प्रकार के व्रत,संयम ,नियम,भजन किर्तन, योग साधना,आदि करते हैं। कुछेक साधक इन रात्रियों में सिद्धासन में बैठकर आंतरिक त्राटक अर्थात बीज मंत्रों की साधना करते हैं।नवरात्र का काल जागरण,काल कहलाता है।इस दौरान सृष्टि में सकारात्मक ऊर्जा प्रवाहित होती है।नकारात्मकता दूर हो जाती है।इस प्रकार से इन नव रातों में मात्र और मात्र देवी के नवस्वरूपों की उपासना,आराधना की जाती है।

वैसे तो नवरातें वर्ष में चार बार आती है।पर आश्विन मास और चैत्र मास का विशेष महत्व होता है।और इस नवरात्रि में महासरस्वती, महालक्ष्मी, महाकाली के नवरुपों की विशेष पूजा की जाती है।और इनके नाम और स्थान इस प्रकार है- योगमाया-नन्दादेवी, विंध्यवासिनी-शक्तिपीठ, रक्तदन्तिका-साथुर, शाकम्भरी-स्हारनपुर,दुर्गा-काशी,भीम-पिंजौर,और भ्रामरी-भ्रमराम्बा शक्तिपीठ यही सब देवियाँ नवदुर्गा के स्वरूप कहलाते हैं।

इस प्रकार से यह कहा जा सकता है कि यह नवरात्रि ,देवी आराधना के माध्यम से नारियों की प्रतिष्ठा का पर्व नवरात्रि है।यही हमारे देश की सबसे बड़ी विशेषता है।

जिसको पूरे देश वासी धूमधाम और भक्ति भावना के साथ मनाते है।



**अशोक पटेल आशु**
,शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

# नव संवत्सर एक शुभ मुहूर्त

संवत्सर का अर्थ है, सम+वत्सर यानि पूर्ण वर्ष। शास्त्रों के अनुसार, ब्रह्माजी ने इस दिन सम्पूर्ण सृष्टि और लोकों का सृजन किया था। इसी दिन भगवान विष्णु का मत्स्यावतार भी हुआ था। हिंदू शास्त्रों के अनुसार नव संवत्सर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि से प्रारम्भ होता है। इस दिन भगवान ब्रह्मा की पूजा का विशेष महत्व है। मुख्यतया ब्रह्माजी और उनकी निर्माण की हुई सृष्टि के मुख्य-मुख्य देवी-देवताओं, यक्ष-राक्षस, गन्धर्वों, ऋषि-मुनियों, मनुष्यों, नदियों, पर्वतों, पशु-पक्षियों और कीटाणुओं का ही नहीं, रोगों और उनके उपचारों तक का पूजन किया जाता है। इस दिन से नया संवत्सर शुरू होता है अतः इस तिथि को नव-संवत्सर भी कहते हैं।




**गुड़ी पड़वा**

नव संवत्सर को सुग्रीव के आग्रह पर भगवान राम ने बाली का वध कर उसके आतंक से सुग्रीव और उसकी प्रजा को मुक्त कराया। उस दिन चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा थी। इसलिए हर साल इस दिन को दक्षिण में गुड़ी पड़वा के रूप में मनाया जाता है और विजय पताका फहराई जाती है। चन्द्र मास की पहली तिथि को प्रतिपदा कहा जाता है। एक चन्द्र मास में तीस तिथियाँ होती हैं और चन्द्र मास में दो पक्ष होते हैं। एक को शुक्ल पक्ष और दूसरे को कृष्ण पक्ष के नाम से जाना जाता है।

**विक्रम संवत की परंपरा**

उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य ने लगभग 2068 साल पहले विक्रम संवत की परंपरा शुरू की थी। तभी से इस कैलेंडर के अनुसार हिंदू नव वर्ष मनाया जाता है। स्थानीय किंवदंती के अनुसार उज्जैन के पूजनीय राजा विक्रमादित्य ने अपनी जनता को शक शासन से मुक्त कराया था। संवत 2080 भारतीय शेयर बाजार में एक विशेष महत्व रखता है, जो एक नए हिंदू वर्ष या विक्रम संवत की शुरुआत और निवेशकों के लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक है। विक्रम संवत कैलेंडर एक चंद्र कैलेंडर है।

**श्री राम के राज्याभिषेक**

प्रभु श्री राम के राज्याभिषेक का दिन नव संवत्सर ही है। शक्ति और भक्ति के नौ दिन अर्थात् नवरात्र का पहला दिन यही है। सिखो के द्वितीय गुरू श्री अंगद देव जी का जन्म दिवस है। स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने इसी दिन आर्य समाज की स्थापना की एवं कृणवंतो विश्वम आर्यम का संदेश दिया। सिंध प्रान्त के प्रसिद्ध समाज रक्षक वरूणावतार झूलेलाल इसी दिन प्रगट हुए। युधिष्ठिर का राज्यभिषेक भी इसी दिन हुआ। संघ संस्थापक प.पू. डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्म दिन। महर्षि गौतम की जयंती है। एक अन्य मान्यता है कि इस दिन ही छत्रपति शिवाजी महाराज ने विदेशी घुसपैठियों को युद्ध में पराजित किया था।

**प्राकृतिक महत्व**

वसंत ऋतु का आरंभ वर्ष प्रतिपदा से ही होता है जो उल्लास, उमंग, खुशी तथा चारों तरफ पुष्पों की सुगंधि से भरी होती है। फसल पकने का प्रारंभ यानि किसान की मेहनत का फल मिलने का भी यही समय होता है। नक्षत्र शुभ स्थिति में होते हैं अर्थात् किसी भी कार्य को प्रारंभ करने के लिये यह शुभ मुहूर्त होता है। नव संवत्सर हार्दिक शुभकामनाएं...!



**हेमेन्द्र क्षीरसागर**
,
बालाघाट
मध्यप्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## आओ मतदान करें

देश की आजादी को अगर अक्षुण्ण बनाए रखना है।
तो सोच-समझ व जाँच-परखकर
नेता को हमें चुनना है।।
अपनी पिछली पीढियों केत्यागों का मान यदि रखना है।
तो उठो देश के मतदाताओं
मतदान हमें करना है।।
एक-एक मत महत रखता इस दृष्टिकोण को बनाना है।
जनतंत्र के महापर्व में जिम्मेवारी को निभाना है।।
शासन का यह तंत्र उत्तम लोकतंत्र को बचाना है।
योग्य नेताओं का चयन कर शासक उन्हें बनाना है।।
हम खास हैं राष्ट्र के खातिर इस विश्वास को जगाना है।
सोए हुए मतदाताओं को जागरूक हमें बनाना है।।
प्रथम बार जो मतदान करेंगे उनको राह दिखाना है।
स्वार्थसिद्धि से ऊपर उठकर
देश को समृद्ध बनाना है।।
सबकुछ पाते हम देश से
देश के खातिर कुछ करना है।
आया मतदान का शुभ दिन
मतदान निःसंदेह करना है।।



**कुमकुम कुमारी**
काव्याकृति
मुंगेर, बिहार

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## अच्छी शिक्षा करे कल्याण

संस्कारों के बिना है जो समाज
बड़े छोटों की जो करता नहीं लिहाज़
भूलता जा रहा अपने सब रीति रिवाज़
उसी को कहते हैं शिक्षा विहीन समाज
जो पढ़े लिखे होकर भी करते हैं अहंकार
बात बात पर लोगों का करते हैं तिरस्कार
रिश्तों की जिनको नहीं कोई परवाह
हर वक्त रहते हैं घमंड के घोड़े पर सवार
एक दूसरे को लगे रहते हैं गिराने में
बढाते नहीं हाथ किसी को उठाने में
उम्र लग जाती है सारी रिश्ते बनाने में
उन्हें तो शर्म आती है रिश्ते निभाने में
ऐसी शिक्षा पर क्यों करें हम गुमान
जो अच्छे बुरे में नहीं कराती पहचान
बड़ों और बुजुर्गों की नहीं सिखाती इज़्ज़त मान
अच्छी शिक्षा वही जो करती सबका कल्याण



**रवींद्र कुमार शर्मा**
घुमारवीं
बिलासपुर
हिमाचलप्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## राजनीति का स्तर

राजनीति एक शब्द है जिसका ना कोई छोर।
इन शब्दों से खेलता है
खद्दर वाले ये दोमुहे लोग ।।
कहते हैं हम हैं बलिदानी
भारत माता के हैं लाल ।
क्या सच में यही बलिदानी
तो खाकी वाले क्या हैं आज ।।
अंगूठा टेक या अधकचरा सा पढ़कर धारण कर
लिया खादी के वस्त्र।
फिर दुनिया को बस में करने का ये समझते
अपना अस्त्र।।
एक समय राजनीति होता था सफेद पोशों का मेल।
आज राजनीति में केवल सफेद सत्रों का खेल।।
मर्यादा अपने घर पर रखकर
बंदर जैसे करते हरकत ।
कभी चीजों को सूंघ कर या फिर उधम मचा कर
करते नीच हरकत ।।
इनका ना कोई स्तर
कुछ भी कर गुजरने को तैयार ।
अपना फायदा साधने में
जनता को झोकने को तैयार ।।
एक दूसरे के ऊपर उल्टे सीधे लगाते आरोप।
बेशक तथ्य हो ना हो डंका पीटते हैं बहुत जोर ।।
पहले तो जनता कहती थी
यह सब है चोरों के झुंड।
अब आपस में कंपटीशन कर
ढूंढते हैं चोरों के झुंड ।।
अब जनता भी समझ चुकी है
यह सब हैं मौसेरे लोग ।
चाहे आप जिसे चुने दूध से धुले नहीं ये लोग ।।
जब जिसको मौका मिलता है
हम जनता को लूटता है ।
हम तो बस दर्शक भर हैं
बंदर बांट कर खाता है ।।
नौकरशाही को अपने अंदर
बंधुआ बना कर रखता है।
फिर खुले मंच से प्लेट
धुलाने की बात भी करता है।।
अब जरूरत है जन-जन में क्रांति लाने की।
वीर भगत सिंह चंद्रशेखर और
नेता जी जैसे को लाने की ।।
अब भी ना सुधरे तो यह नोच नोच कर खाएगा।
जिसको अपना सगा समझते
वही सौदा कर जाएगा 3



**कमलेश झा**
भागलपुर
बिहार

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## भोले से बतियाएं

हे भोले तुम कितने शीतल,
जैसे छागल में गंगाजल,
हम तो प्रेम के प्यासे हैं बस,
थोड़ा उसमें जल भर दो।
हे भोले तुम ...
तीक्ष्ण ग्रीष्म में पिघली धरती,
पत्ता-पत्ता है मुरझाया,
भोले बदली लाकर छा दो,
आसमान से गंग बहा दो।
हे भोले तुम ...
मन की भावना निर्मल होकर,
एक-दूसरे से प्रीत बढ़ाए,
धरा सजे नित दुल्हन जैसी,
ऐसा कुछ श्रंगार करा दो।
हे भोलै तुम ...
भोले अपने मन की कह दो,
और कुछ मेरे मन की सुन लो,
जन-जीवन सारा मुस्काए ,
ऐसी कुछ नियति तुम लिख दो।
हे भोलै तुम ....
मन की भावना चढ़े हिमालय,
और भोले से बतियाएं ,
हवा चले कुछ ऐसी भोले,
हिंद का जन फिर मुस्काए।
हे भोले तुम ...



**कार्तिकेय त्रिपाठी राम**
गांधीनगर
इन्दौर
मध्यप्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**




# मौसम ने बदली करवट,संभाग में छाए बादलों के साथ दिनभर हुई बूंदाबांदी




**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 07 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**
एक बार फिर मौसम ने करवट ली है। रविवार की सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ है। घने बादल के साथ पूरे दिन बूंदाबांदी हुई। मौसम में बदलाव आने के कारण लोगों ने गर्मी से राहत जरूर ली है पर किसानों को फसल की चिंता सता रही है। वहीं मौसम विभाग का मानना है कि अगले 48 घंटे के अंदर जगह-जगह तेज हवा के बारिश व ओले गिरने की संभावना बनी हुई है।

उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इसका प्रभाव उत्तरी छत्तीसगढ़ में देखी जा रही है। विक्षोभ के प्रभाव के कारण रविवार की सुबह से ही सरगुजा संभाग में बादल छाए रहे और पूरे दिन बूंदाबांदी होती रही। इससे गर्मी से लोगों को राहत मिली हे। मौसम में बदलाव के कारण तीन से चार डिग्री तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने सात एवं आठ अप्रैल को बारिश होने का अनुमान लगाया था। शनिवार पूरे दिन तेज धूप रही। अप्रैल के शुरूआत से ही तापमान 38 से 40 डिग्री तक पहुंच गया था। अधिकतम तापमान 39 डिग्री तक स्थिर रहा। मौसम विज्ञानी एएम भट्ट ने बताया कि पश्चिम विक्षोभ का प्रभाव सरगुजा संभाग में बनी हुई है। सोमवार को भी खराब मौसम से राहत की संभावना नहीं है। सरगुजा संभाग के कई इलाकों में गरज चमक के साथ हल्की वर्षा की संभावना है। मौसम साफ होते ही तापमान में भारी वृद्धि की संभावना है। अप्रैल महीने में तापमान काफी बढ़ेगा और भीषण गर्मी पडने की संभावना है। कृषि वैज्ञानिक के अनुसार बेमौसम बारिश की वजह से सबसे अधिक नुकसान किसानों को हुआ है। बारिश के कारण सब्जियों, तिलहन व दलहन की फसलों को नुकसान पहुंचा है। अप्रैल महीने में गेहूं, चना, मसूर, अरहर की फसल पूरी तरह पक कर तैयार रहते हैं। बारिश के कारण पके फसल को नुकसान पहुंचेगा। वहीं आम, लीची के फसल बारिश में खराब हो जाएंगे।

# इलाज के दौरान कैदी की मौत,शरीर पर चोट के निशान देख परिजनों ने लगाया मारपीट का आरोप



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,07 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**
मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार को संदेहास्पद स्थिति में बंदी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजन ने शव देकर जेल प्रशासन पर बंदी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। परिजन का कहना है कि वह बीमार नहीं था। फिर भी उसका इलाल क्यों कराया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार जगपाल राजवाड़े पिता लक्ष्मण राजवाड़े उम्र 42 वर्ष ग्राम कंदरई थाना सन्ना का रहने वाला था। विगत कुछ दिन पूर्व आबकारी एक्ट के मामले में उसे स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जशपुर जेल दाखिल किया गया था। 5 अप्रैल को बितयत खराब होने पर जेल प्रशासन द्वारा उसे केन्द्रीय जेल शिफ्ट किया गया था। केन्द्रीय जेल अंबिकापुर द्वारा उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई।

सूचना पर अंबिकापुर पहुंचे परिजनों ने जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया है। मृतक की पत्नी फूलमती ने आरोप लगा है कि जेल में उसके पति के साथ मारपीट की गई है, उसके दोनों घुटनों में व शरीर में चोट के निशान हैं। उसके पति को कोई बीमारी नही थी, फिर अस्पताल में किस चीज का इलाज चल रहा था। पति के बीमारी की सूचना उन्हें जेल प्रबंधन ने नहीं दी थी।

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

**अंबिकापुर,07 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** दरिमा थाना के पास शनिवार को बाइक सवार ने स्कूटी सवार वृद्ध को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल वृद्ध को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार दीप नाथ उम्र 75 वर्ष दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम छिंदकालो का रहने वाला था। वह साइकिल से दरिमा से अपने घर जा रहा था। तभी दरिमा थाना के पास बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।




## सरस सेवा समिति ने अस्पताल के लिए वाटर कूलर किया समर्पित

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,07 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**सरस सेवा समिति द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए वाटर प्यूरीफायर व वाटर कूलर समर्पित किया है। रविवार को अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर्या व सीएमएचओ डॉ. रेलवानी,डॉ. हर्षप्रीत टुटेजा की उपस्थिति में समर्पित किया गया। इस कार्य के लिए मुक्ता गुप्ता, एकता गुप्ता, ऋचा राज, कीर्ति जायसवाल, निधि गुप्ता, शशि किरण गुप्ता, स्वाति गुप्ता, नमिता चावला, भूमिका सिसोदिया, रानी वाधवा, संतोष त्रिपाठी, कृष्ण कुमार शर्मा, वीरेंद्र बघेल और सरस परिवार के सदस्यों का सहयोग रहा।

# कार से 40 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

### आबकारी उडऩदस्ता टीम की कार्रवाई

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,07 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**
संभागीय आबकारी उडऩदस्ता टीम ने मणिपुर थाना क्षेत्र के सांड़बार बैरियर स्थित स्मृति वन के पास से 40 किलो गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी लग्जरी कार में गांजा रखकर किसी का इंतजार कर रहा था। उडनदस्ता टीम ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

रविवार को उडऩदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिली की एक व्यक्ति लग्जरी कार में भारी मात्रा में गांजा लेकर सांड़बार बैरियर स्थित स्मृति वन के पास किसी व्यक्ति को इंतजार कर रहा है। सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम को देखकर गांजा तस्कर वाहन छोडक़र भागने लगा। जिसे टीम ने दौड़ा कर उसे पकड़ा गया। पूछने पर वह अपना नाम मुकेश राम यादव निवासी दानी मुंडा थाना फरसाबहार जिला जशपुर बताया। टीम ने



मुकेश के कार क्रमांक सीजी 10 एसी 1447 की तलाशी ली तो दो सफेद रंग की बोरियों में 20-20 किलो कल 40 किलोग्राम गांजा पाया गया। टीम ने वाहन सहित गांजा को जब्त किया है। जब्त गांजा की कीमत 8 लाख रुपए बताई जा रही है। टीम ने आरोपी मुकेश को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। उक्त कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के द्वारा की गई। इस दौरान आबकारी मुख्य आरक्षण रमेश दुबे, कुमारु राम आबकारी आरक्षक अशोक सोनी रामाधार कुशवाहा नगर सैनिक गणेश पांडे रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं ममता विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

### अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया की यह उडन् दस्ता टीम की अभी तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है।। गांजा का बाजार मूल्य लगभग आठ लाख रुपए होना बताया।। आरोपी से पूछताछ करने पर उसने गांजा को उड़ीसा राज्य से लाना बताया।। आरोपी का कहना था कि उक्त गांजा को वह आसपास के एरिया में ग्राहक खोज कर सप्लाई करता है।।

# नवीन कानून संहिता संबंधी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,07 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**
नवीन कानून संहिता संबंधी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सरगुजा पुलिस द्वारा रविवार को पीजी कॉलेज स्थित ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारियों एवं वक्ताओं द्वारा नये कानूनों एवं प्रावधानों के बारे में एवं भारतीय न्याय संहिता,नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम की बारीकियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसका मुख्य उद्देश्य पुलिस, अभियोजन, न्यायपालिका के साथ-साथ व्यापक रूप से समस्त आमजनों में जागरुकता लाना है। चूंकि उक्त नवीन कानून संहिता 1 जुलाई 2024 से पूरे देश में प्रभावशील होना है।

कार्यशाला दौरान आईजी अंकित गर्ग द्वारा नए कानून संहिता 1 जुलाई 2024 को प्रभावशील होना है, हमारी आजादी के बाद भी पुराने कानून के आधार पर ही कानूनी प्रावधानों का कियान्वयन हो रहा था, क्यों कि उस समय समाज की जरूरतें अलग थी एवं आपराधिक पद्धति में भी जमीन और आसमान का फर्क था। किन्तु वर्तमान समय और समाज की अपेक्षाओं के साथ नए कानून लागू किए जा रहे हैं। इसके अलावा अन्य नवीन कानून संहिता संबंधी विशेष जानकारी से अवगत कराया गया। विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार ठाकुर ने बताया कि वर्तमान समय के अनुसार वृहत रूप से नये कानून संहिता को लागू किये जा रहे हैं इसके बारे में पुलिस, अभियोजन, न्यायपालिका के साथ-साथ आमजनों को भी इसके बारे में जानना जरूरी है। तथा नए कानून में आवश्यकतों के अनुसार धाराओं में संशोधन किये गये हैं। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराई गई है।

### पुराने कानूनों का 160 वर्षों से अधिक का हो गया है समय

एसपी विजय अग्रवाल द्वारा नवीन कानून संहिता 2023 के बारे में अवगत कराया गया, कि 1 जुलाई 2024 से नवीन कानून संहिता लागू होना है। इसलिए इसके बारे में पुलिस, अभियोजन के अलावा आमजनों को भी जानकारी होना चाहिए। शासन-प्रशासन द्वारा लोकतंत्र में जनता की अपेक्षा के अनुरूप कानून बनाती है। पुराने कानून को लगभग 160 वर्षों से भी अधिक का समय हो गया है, उस समय कानूनों एवं प्रावधानों की जरूरत और चुनौतियां अलग थी।

### विवेचना में नए धारा शामिल करने कराया गया अवगत

कार्यशाला पदाधिकारियों एवं वक्ताओं द्वारा बताया गया कि भारतीय दण्ड संहिता और दण्ड प्रक्रिया संहिता को हटाकर नवीन भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लागू करने हेतु भारतीय संसद द्वारा दिसम्बर 2023 में कानून पारित किया गया था। केन्द्र सरकार द्वारा पुरानी भारतीय दण्ड संहिता में पर्याप्त संशोधन पश्चात् नवीन न्याय व्यवस्था स्थापित करने हेतु भारतीय न्याय संहिता 2023, नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू की गई है। कार्यशाला में विवेचकों को पुराने भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के स्थान पर नवीन भारतीय न्याय संहिता के तहत् वैधानिक कार्रवाई किए जाने हेतु एवं नवीन धाराओं में हुए परिवर्तन को अपने विवेचना में शामिल करने के लिए अवगत कराया गया।

### नए कानूनों के प्रावधानों को बताया गया

कार्यशाला में नवीन कानूनों की विशेषता एवं प्रावधानों जैसे औपानिवशिक कानून में बदलाव, महिला सुरक्षा एवं न्याय, आतंकवाद, संगठित अपराध एवं भारत की सम्प्रभुता, एकता एवं अखण्डता के विरूद्ध अपराध, पीड़ित केन्द्रीत कानूनी प्रावधान, अनुसंधान में वैधानिक तकनीक, डिजीटल एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के प्रावधान,न्यायालयीन प्रक्रिया से संबंधित प्रावधान एवं आगामी कार्ययोजना इत्यादि संबंधी विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया है।

### कार्यशाला में ये रहे शामिल

सुजीत कुमार उमनि 10 वीं वाहिना सिलफिली, विलास भोस्कर संदीपान कलेक्टर सरगुजा, एमआर अहिरे पुलिस अधीक्षक सूरजपुर, मोनिका जायसवाल अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, आकांक्षा सक्सेना न्यायिक मजि. ब्रजेश राय विभागाध्यक्ष विधि संकाय, श्रुति कांबले एडीपीओ, राजेश सिंह एडीपीओ, डॉ. मिलिन्द सहायक प्राध्यापक एवं समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि डॉक्टर्स एसोसिएशन, चैंबर ऑफ कामर्स, मीडिया, ट्रांसपोर्ट्स युनियन, एनजीओ एवं पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण शामिल रहे।

# बुलेट-बम प्रूफ नहीं था पाकिस्तान में चीनी नागरिकों को ले जा रहा वाहन,पुलिस ने सरकार को दी रिपोर्ट

**इस्लामाबाद,07 अप्रैल 2024।** पाकिस्तान में पिछले महीने एक आत्मघाती हमले में मारे गए चीनी इंजीनियर्स को ले जा रहा वाहन न तो बुलेट प्रूफ था और न ही बम प्रूफ। संघीय शहबाज शरीफ सरकार को भेजी गई पुलिस की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

वाहन में सवार आत्मघाती हमलावर ने अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के सुदूरवर्ती बेशाम इलाके में चीनी इंजीनियर्स के काफिले को उस वक्त निशाना बनाया था, जब उन्हें प्रांत के कोहिस्तान जिले में दासू पनबिजली स्टेशन के निर्माण स्थल पर ले जाया जा रहा था। इस हमले में पांच चीनी नागरिक और उनके पाकिस्तानी ड्राइवर की मौत हो गई थी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले में निशाना बनाई गई बस दूसरी बस से 15 फीट की दूरी पर थी। आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को कराकोरम राजमार्ग पर चीनी इंजीनियर्स को ले रहे वाहन से टकरा दिया, जिसके बाद वह 300 फीट गहरी खाई में गिर गई। एक प्रमुख मीडिया



समूह ने अपनी खबर में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी नागरिकों को ले जा रहा वाहन न तो बुलेट और न ही बम प्रूफ था।

इसी तरह की दूसरी रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी नागरिकों को ले जाने वाले काफिले की बसें सीसीटीवी से लैस थीं। यह रिपोर्ट तब सामने आई है, जब प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक दिन पहले इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश दिया।

पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्ला तरार ने कहा, प्रधानमंत्री ने हजारा डिविजन के क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया है। ऊपरी कोहिस्तान और निचले कोहिस्तान के जिला पुलिस अधिकारियों, दासू पनबिजली परियोजना के निदेशक (सुरक्षा) और खैबर पख्तूनख्वा में विशेष सुरक्षा इकाई के कमांडेंट को 15 दिनों के भीतर जवाब देने को कहा गया है।

शरीफ ने शुक्रवार को पाकिस्तान की सभी सुरक्षा एजेंसियों को देश में विभिन्न परियोजनाओं में काम कर रहे चीनी नागरिकों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। इस बीच चीन ने भी हमले को लेकर चिंता जाहिर की है और पाकिस्तान में विभिन्न परियोजनाओं में काम कर रहे अपने नागरिकों की सुरक्षा की मांग की है। हजारों चीनी कर्मचारी पाकिस्तान में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के तहत कई परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं।

## अज्ञात ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत,दोस्त गंभीर

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,07 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

रघुनाथपुर में शनिवार की रात अज्ञात ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार दो दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार रोहित एक्का पिता राजेन्द्र एक्का उम्र 18 वर्ष बरियों चौकी अंतर्गत ग्राम चांची का रहने वाला था और अंबिकापुर में रहकर पढ़ाई करता था। शनिवार की रात अपने दोस्त निशांत के साथ स्कूटी से रघुनाथपुर की ओर जा रहा था। रघुनापुर में ही अज्ञात ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान रोहित की मौत हो गई। जबक निशांत का इलाज चल रहा है।

## उदयपुर फॉरेस्ट टीम ने लकड़ी परिवहन में शामिल दो वाहनों को किया जप्त




**- संवाददाता -**
**उदयपुर,07 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

सरगुजा जिले के वन परिक्षेत्र उदयपुर अंतर्गत दो हाथियों का दल विगत तीन दिनों से करम कठरा के जंगल में विचरण कर रहा है जिसका निगरानी गस्त कर रहे फॉरेस्ट टीम के द्वारा रात्रि 10:00 बजे हनुमान मंदिर लक्ष्मणगढ़ चौक से जंगल के रास्ते पार हो रहे अल्टो वाहन क्रमांक सीजी 15 बी 0726 को रोकने की कोशिश की गई परंतु उक्त वाहन चालक ने तेज रफ्तार से वन विभाग की टीम को चकमा देकर भाग रहा था, वन विभाग की टीम के द्वारा दौड़ा कर कटिंदा में पकड़ लिया गया जिसमें वाहन चालक सुनील दास आ.आलम साय पनिका ग्राम बेलदगी थाना तहसील लखनपुर को पकड़कर वन चौकी उदयपुर लाया गया। उक्त वाहन में सात नग साल लकड़ी का चिरान 0.155 घन मीटर बरामद किया गया ।

वहीं दूसरी ओर रात्रि 1:30 कुदरबसवार के जंगल से सूचना प्राप्त हुआ की एक टाटा 207 वाहन में 6 नग लठ्ठा लोड किया जा रहा है जैसे ही सूचना प्राप्त हुआ कुदर बसवार सर्किल प्रभारी रामबिलास सिंह, उदयपुर सर्किल प्रभारी चंद्रभान सिंह और टीम के द्वारा तत्काल मौके पर दबिश दिया गया जहां एक टाटा पिकअप 207 वाहन में बोंगी लोड किया जा रहा था जैसे ही वन विभाग की टीम पहुंची अज्ञात लकड़ी तस्करों ने वहां लकड़ी छोड़कर फरार हो गए जहां मौके से एक पिकप वाहन क्रमांक यूपी 64बीटी 3373 जिसमे एक नग 0.221 घन मीटर तथा जमीन पर पड़े 5 नग और मोटरसाइकिल मौके पर बरामद कर वन चौकी उदयपुर लाकर कार्यवाही की गई ।

समस्त कार्यवाही में सीएफओ रामविलास सिंह, शशिकांत सिंह , गिरीश बहादुर सिंह चंद्रभान सिंह बीएफओ राजेश राजवाड़े रेलूस खेश संतोष सिंह बसंत सिंह बुधसाय राजवाड़े आर्मो कुमार सक्रिय रहे।



## घोघरा नाला डेम के पाईप में मिला अधेड़ का शव

**- संवाददाता -**
**बतौली,07 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

रविवार की सुबह अज्ञात अधेड़ युवक का शव घोघरा नाला डेम के पाईप में मिलने कि सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को नाले से बाहर निकलवा शिनाख्ती की कार्यवाही कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह घोघरा नाला डेम के पाईप में एक 40-45 वर्ष के अधेड़ का शव मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शिनाख्त कार्यवाही शुरू की। पतासाजी करने पता चला कि अज्ञात मृतक अमलसाय पिता शम्भू 45 वर्ष निवासी घोघरा का है। मृतक मिरगी बिमारी से ग्रसित था,

परिजनों के आने पर पंचनामा कार्यवाही की जा रही है।

## मिर्जापुर से हिस्ट्रीशीटर समेत 2 गिरफ्तार






**» 2 दिन पूर्व ही चोरी कर ले गए थे पिकअप,सीसीटीवी फुटेज में घटनास्थल के आस-पास घूमते नजर आए थे अंतरराज्जीय चोर**

**- संवाददाता -**
**राजपुर,07 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

यूपी से आए अंतरराज्जीय चोर गिरोह ने 4 अप्रैल को राजपुर थाना क्षेत्र से एक पिकअप की चोरी की थी। इस मामले में पुलिस ने 2 चोरों को उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर व प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। मिर्जापुर से पकड़ा गया आरोपी जहां हिस्ट्रीशीटर है, वहीं दूसरा आरोपी आदतन बदमाश है। पुलिस ने दोनों को रविवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम बूढ़ा बगीचा निवासी दीपेश गर्ग पिता अनिल ने 4 अप्रैल को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पिकअप क्रमांक सीजी 15 एसी-3058 किसी ने चोरी कर ली है। पिकअप की कीमत 3 लाख रुपए बताई गई थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरु की।

पुलिस ने जब क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पता चला कि घटना दिवस को संदिग्ध हालत में एक टवेरा कार क्रमांक यूपी 63 क्यू-8990 घूमता हुआ दिखा। पुलिस ने जब कार के बारे में पता किया तो वह उत्तर प्रदेश के ग्राम चुनार, मिर्जापुर निवासी परशुराम बिंद पिता स्व. शंभूनाथ 49 वर्ष का होना पाया गया।

इसके बाद पुलिस ने उसे ग्राम हेमपुर, प्रयागराज से हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपने साथ मिर्जापुर के ग्राम दूबहा, जिगना निवासी पुनित ठाकुर उर्फ छोटू पिता अक्षयवर 28 वर्ष के साथ पिकअप चोरी करने की बात स्वीकार की। फिर पुलिस ने दोनों के कब्जे से पिकअप बरामद कर रविवार को उन्हें राजपुर लेकर पहुंची। यहां से पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया।

### हिस्ट्रीशीटर बदमाश है पुनित

पुलिस ने आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला तो पता चला कि पुनित ठाकुर उर्फ छोटू हिस्ट्रीसीटर है। उसके खिलाफ चोरी व मारपीट के दर्जनो अपराध दर्ज हैं, जबकि परशुराम बिन्द के विरुद्ध थाना माण्डा एवं उत्तर प्रदेश के अन्य थानो में कई अपराध दर्ज है।

### ये रहे कार्रवाई में शामिल

कार्रवाई में राजपुर थाना प्रभारी सुधीर मिंज, एएसआई प्रकाश तिर्की, प्रधान आरक्षक अभिषेक बघेल, राजेन्द्र ध्रुव, आरक्षक रिंकु गुप्ता, अमृत सिंह, संतोष सिंह, लखेश्वर राम, शिवलाल, शिवशंकर नरेन्द्र कश्यप तथा सायबर सेल से मंगल सिंह, सुखलाल सिंह, राजकिशोर पैकरा व अंबिकापुर से गणेश कदम शामिल रहे।

## एमसीबी जिला मुख्यालय के हृदय स्थल में यातायात व्यवस्था भगवान भरोसे ?

**» क्या बाजार शहर व उसकी सड़क कुछ ही व्यापारियों का है, जो जगह-जगह पर अतिक्रमण किए हुए हैं ?**

**- संवाददाता -**
**मनेन्द्रगढ़,07 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

स्टेशन रोड राजस्थान भवन रोड से बिल्कुल सटा हुआ गेट एवं दुकानें जो बनवाए गए हैं, जो किराए पर चल रहे है। मांगलिक कार्य शादी विवाह के सीजन में रोड जाम हो जाता है क्या यह सही हैं?विवेकानंद चौक, गांधी चौक, फवारा चौक, से लेकर जैन मंदिर से भगत सिंह तिराहा से पी.डब्लु तिराहा तक व्यापारियों ने निवास दुकान बनवाए हैं वह सही है, परंतु दुकान के सामने में सज्जा बोर्ड



दो पहिया वाहन, ठेला सब्जियों की दुकान अतिक्रमण कर रखे हैं क्या यह सही है? हम आपको बताना चाहेंगे कोरिया से विभाजित नवीन जिला मनेद्रगढ़-चिरमिरी- भरतपुर, पूर्व की सरकार मे जिला की घोषणा हुई तो, क्षेत्र वासियों को लगा मनेद्रगढ़ शहर में यातायात एवं अतिक्रमण पर शासन प्रशासन द्वारा बदलाव देखने को मिलेगा। कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक का कार्यालय होने पर शहर में यातायात से निजात मिलेगा, लेकिन देखने सुनने को मिल रहा है कि भगत सिंह तिराहा से पीडब्ल्यूडी तिराहा तक शासकीय कन्या स्कूल तथा हॉस्टल है, शासकीय बाउंड्री से लगे हुए स्थान में अतिक्रमण देखने को मिल रहा है। शहर में चार चक्का छोटा वाहन आमने-सामने होते हैं, शहर के सड़क पर वाहनों कि भीड़ इकट्ठी हो जाती है काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

आलम यह है कि विवेकानंद चौक सड़क पर चार पहिया वाहन का अधिकांश देखने को मिलता है। जबकि वहीं गांधी चौक, जैन मंदिर चौक तक चार पहिया वाहन सड़कों पर नियम विरुद्ध खड़े नजर आते हैं।मनेद्रगढ़ शहर वासियों से यातायात पर जब हमने बात की शहर वासियों ने मीडिया के माध्यम से शासन प्रशासन से मांग की है। मनेद्रगढ़ शहर में जगह-जगह भी अवैध अतिक्रमण किया गया है उसे जल्द हटाया जाए। क्योंकि मनेद्रगढ़ मार्केट सिर्फ व्यापारियों का मार्केट नहीं है मनेद्रगढ़ के समस्त आम नागरिकों का हृदय स्थल है जहां यातायात की व्यवस्था में सुधार होना अति आवश्यक है लेकिन मनेद्रगढ़ के व्यापारीगण नहीं चाहते हैं। इसलिए तो यातायात पर व्यापारी वर्ग कुछ भी नहीं कहते? लगभग दो महीने पूर्व प्रेस वार्ता में जिला पुलिस अधीक्षक, चंद्र मोहन सिंह ने व्यापारीयो एवं आम नागरिकों से अपील की थी सड़क के किनारे जो सफेद पट्टी बनी है उसके अन्दर वाहन एवं ठेला ना खड़ा करें, चालानी कार्रवाई की जाएगी, और चालानी कार्रवाई की भी गई। बड़े दुर्भाग्य की बात है नियम उल्लंघन चार पहिया वाहन मालिकों द्वारा किया जा रहा है, लेकिन पुलिस द्वारा चालानी कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है क्या छूट भैया नेताओं ने दबाव बना रखा है?

## अंतर्राज्जीय चेक पोस्ट नवाटोला बिहारपुर में सतत रूप से चेकिंग के दौरान किया जा रहा है निरीक्षण

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,07 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट नवाटोला बैरियर थाना चांदनी बिहारपुर में



डीआईजी, एसपी,एसडीओपी, ओडीजीआई और तहसील प्रशासन बिहारपुर के साथ लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सूरजपुर, कोरिया जिला और मध्यप्रदेश की सिंगरोली जिला प्रशासन की सिंगरोली में बैठक आयोजित हुई। नवाटोला चेक पोस्ट/ बैरियर अंतर्राज्जीय बैरियर होने के कारण गाड़ियों की और उनके साथ सामानों की चेकिंग के दौरान निरीक्षण करते समय एसएसटी प्रभारी अधिकारी, मजिस्ट्रेट और डीएलएमटी व स्वीप नोडल अधिकारी धीरेन्द्र कुमार जायसवाल के साथ एसएसटी टीम, पुलिस प्रशासन टीम,आबकारी विभाग,फॉरेस्ट टीम,जीएसटी का टीम उपस्थित था ।

## दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,07 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

सरगुजा पुलिस द्वारा ''ऑपरेशन विश्वास'' के तहत् प्रकरण के आरोपियों की धरपकड़ एवं गिरफ्तारी त्वरित एवं तेजी से की जा रही है। पुलिस की सख्त कार्यवाही से निश्चित् रूप से असामाजिक तत्वों पर नकेल कसी जा सकेगी। इसी क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी की गिरफ्तारी की गई है।



मामले का विवरण इस प्रकार है, कि दिनांक 06/04/2024 को पीड़िता द्वारा इस आशय का रिपोर्ट दर्ज कराया गया, कि गणेश यादव उम्र 25 वर्ष निवासी समलाया मंदिर के पास अम्बिकापुर के द्वारा पीड़िता से शादी का झांसा देकर दिनांक 01/08/2023 से 28/03/2024 के मध्य लगातार दुष्कर्म किया गया, जिससे पीड़िता गर्भवती हो गई। अब आरोपी द्वारा शादी करने से इंकार कर दिया गया। और घटना के बारे में किसी अन्य को बताने पर पुरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर पीड़िता से मारपीट किया गया है। जिस पर सदर धारा 376(2)(ढ), 506, 323 भादसं का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामला पंजीबद्ध उपरांत पुलिस पेट्रोलिंग टीम के द्वारा आरोपी का पता-तलाश कर मामले के आरोपी गणेश यादव उम्र 25 वर्ष, निवासी समलाया मंदिर के पास अम्बिकापुर को तत्काल वैधानिक/गिरफ्तार कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया।

उक्त मामले की कार्यवाही में उपनिरीक्षक रम्भा साहू, सउनि कृष्ण कुमार यादव, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, आरक्षक धनेश्वर पैंकरा महिला आरक्षक पूनम पैंकरा इत्यादि की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## सरगुजा पुलिस द्वारा एमव्ही एक्ट के तहत की जा रही कार्यवाही

**- सवाददाता -**
**अंबिकापुर,07 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

सरगुजा पुलिस द्वारा जिले की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कार्यवाही जारी रखी गई है। यातायात व्यवस्था पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है, शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ व व्यवस्थित करने में आमजनों का सहयोग बेहद जरूरी है। तभी पुलिस द्वारा आकस्मिक् दुर्घटनाओं एवं आपराधिक गतिविधि पर रोकथाम की जा सकेगी। इसी दृष्टिगत पुलिस द्वारा विशेष तौर पर तीन सवारी वाहन चालन, मोबाईल का प्रयोग करते हुए वाहन चालन, लापरवाहीपूर्वक वाहन चालन, ब्लैक फिल्म का प्रयोग, अवैध (बेतरतीब) रूप से वाहन पार्किंग इत्यादि वाहन चालकों पर सख्त कार्यवाही की जा रही है।



यातायात पुलिस द्वारा ''ऑपरेशन विश्वास'' के तहत् 05-06 अप्रैल को तीन सवारी वाहन चालन पर कुल 01 प्रकरण में 500/-रूपये समन शुल्क, अवैध रूप से वाहन पार्किंग पर कुल 02 प्रकरणों में 1000/- रूपये समन शुल्क, प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन प्रवेश पर कुल 01 प्रकरण में 2000/- रूपये समन शुल्क, आदेश का अवहेलना किये जाने पर कुल 01 प्रकरण में 500/- रूपये समन शुल्क, बिना लायसेंस के वाहन चालन पर कुल 01 प्रकरण में 1000/- रूपये समन शुल्क, बिना बीमा के वाहन चालन पर कुल 01 प्रकरण में 4000/- रूपये समन शुल्क एवं अन्य धाराओं के तहत् कुल 139 प्रकरणों में 60650/- रूपये का समन शुल्क वसूल किया गया है। विगत दो दिवस में यातायात पुलिस द्वारा कुल 146 प्रकरणों में 69650/- रूपये की चालानी कार्यवाही की गई है। सरगुजा पुलिस आमजनों से अपील करती है, कि जिले की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में पुलिस का भरपूर सहयोग करें। एवं यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं राहगीरों को सुरक्षित रखें।

## गड़ासा लहराकर लोगों को भयभीत करने वाले गुण्डा बदमाश को थाना प्रेमनगर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर किया गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,07 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

थाना प्रेमनगर पुलिस ने गड़ासा लहराकर लोगो को धमकाने वाले गुण्डा बदमाश को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया है। उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने जिले के पुलिस अधिकारियों को माहौल खराब करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। इसी कड़ी दिनांक 07/04/2024 को थाना प्रेमनगर पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम घुमाडांड में गुण्डा बदमाश सुरेश राम चौधरी लोहे का गड़ासा धारदार हथियार लेकर लहराते हुए आम जनता को धमकी देकर भयभीत कर रहा है।




अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी के मार्गदर्शन में पुलिस फौरन मौके पर पहुंची और सुरेश राम चौधरी पिता जगत राम उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम घुमाडांड वार्ड क्रमांक 03 प्रेमनगर को घेराबंदी कर पकड़ा और गड़ासा जप्त कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रेमनगर निलिमा तिर्की, एसआई कोमल तिग्गा, चौकी प्रभारी उमेश्वरपुर बिसुनदेव पैंकरा, प्रधान आरक्षक अनिल भगत, आरक्षक खेलन सिंह, धनंजय साहू, सत्य नारायण तिवारी, बेचूराम सोलंकी, बृजेश काशी, विजय चौबे, सोहन नेताम, डुलेश्वर राजवाड़े व रविचंद राजवाड़े सक्रिय रहे।

CMYK

# क्लब बार संचालक कांग्रेस शासनकाल में थे कांग्रेसी...

# भाजपा की सत्ता वापसी के साथ ही हुए भाजपाई ?

**कांग्रेस शासनकाल में जिस क्लब बार संचालक को मिलता रहा प्रशासन का संरक्षण और भाजपाइयों ने किया था धरना प्रदर्शन...क्या उसका हुआ भाजपा प्रवेश ?**

- क्लब बार संचालक कांग्रेस शासनकाल में थे कांग्रेसी...भाजपा की सत्ता वापसी के साथ ही हुए भाजपाई ?
- गजब का रंग बदला क्लब बार संचालक ने,कह रहे अब खुद कांग्रेसी
- क्लब बार संचालक मनेंद्रगढ़ के पूर्व कांग्रेस विधायक का है भाई,कांग्रेस शासनकाल में ही क्लब बार संचालन की मिली थी उसे अनुमति
- कांग्रेस शासनकाल में क्लब बार संचालक को लेकर भाजपाइयों ने किया था विरोध प्रदर्शन
- क्लब बार संचालक को लेकर कांग्रेस शासनकाल में एमसीबी जिले के दो कांग्रेस विधायक विधानसभा में भी हुए थे आमने सामने
- सत्ता परिवर्तन के कुछ ही दिनों बाद दल बदलना क्लब बार संचालक का स्वार्थ सिद्धी का एक प्रयास कह रहे लोग
- भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी ने कराया क्लब बार संचालक को भाजपा प्रवेश,अब जब उठ रहे सवाल कह रहीं हैं मामले में लेंगी वह जानकारी
- भाजपा में जाते ही लोग हो जाते हैं पाक साफ,दोषी और गुनहगार हो जाते हैं बेगुनाह साबित कह रहे हैं कांग्रेसी

- रवि सिंह-
एमसीबी,07 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

भाजपा में जाते ही या भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते ही दोषी दोषमुक्त हो जाते हैं। गुनहगार बेगुनाह साबित हो जाते हैं। दागी बेदाग साबित जो जाते हैं। पाक-साफ साबित हो जाते हैं यह बात नवीन जिले एमसीबी के जिला मुख्यालय के क्लब बार संचालक के भाजपा प्रवेश के बाद कही जा रही है। क्लब बार संचालक ने जो की पूर्व कांग्रेस विधायक के रिश्ते में भाई हैं और जिन्होंने कांग्रेस शासनकाल में जमकर सत्ता का सुख भोगा और मनमानी की। सत्ता परिवर्तन के कुछ ही दिनों बाद भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली और यह सदस्यता उन्हे भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी ने ग्रहण कराई है जिसके बाद अब कई सवाल कांग्रेसी उठा रहे हैं। भाजपा पर इस मामले में व्यंग बाण छोड़ रहे हैं। एमसीबी जिले के एक कांग्रेसी ने तो क्लब बार संचालक के भाजपा प्रवेश को लेकर यह भी लिखा है सोशल मीडिया में की भाजपा प्रवेश करने वाले कट्टर कांग्रेसी शशिधर जायसवाल वह व्यक्ति हैं जिनके क्लब बार लाइसेंस मामले में पूर्व कांग्रेस शासनकाल के दो पूर्व कांग्रेस विधायक विधानसभा में आमने-सामने हुए थे। वहीं तब शशिधर जायसवाल की जिले में तूती बोलती थी।अब उनका भाजपा प्रवेश हुआ है और अब भाजपाई बताएंगे की शशिधर जायसवाल बार में अपने गंगाजल बेचते हैं । इसलिए भाजपा में उनको शामिल कराया गया है। कुल मिलाकर शशिधर जायसवाल के मामले में जिस कांग्रेसी ने यह पोस्ट सोशल मीडिया में की है वह यह भी बताना चाहते हैं की पूर्व कांग्रेस शासनकाल में इसी क्लब बार संचालक की तूती बोला करती थी।



क्लब बार संचालक का भाजपा प्रवेश



कांग्रेस शासनकाल क्लब बार संचालक के विरुद्ध भाजपाई बैठे थे धरना पर

### भाजपा जिलाध्यक्ष सहित भाजपा संगठन ने धरना प्रदर्शन किया वही हो गए भाजपाई

क्लब बार संचालक के भाजपा प्रवेश को लेकर भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी से भी जब पूछा गया की वह पूर्व में कांग्रेसी रह चुके हैं और कांग्रेस शासनकाल में वह अपनी मनमानी के लिए प्रसिद्ध थे और प्रशासन में उनकी तूती बोलती थी और तब उनके विरुद्ध भाजपा जिलाध्यक्ष सहित भाजपा संगठन ने धरना प्रदर्शन किया था क्लब बार संचालन को लेकर जिसमे पूर्व विधायक की महापौर पत्नी सहित कई कांग्रेसी पार्षद साथ ही कांग्रेसी नेता तब सदस्य थे और उन्ही के कारण क्लब बार का लाइसेंस जारी हुआ था और उसी का भाजपा ने विरोध किया था तब और तब यह बात भी समाने आई थी की क्लब बार में मध्यप्रदेश की अवैध शराब खपाई जा रही है और इसका भी काफी विरोध हुआ था लेकिन तत्कालीन कांग्रेस विधायक के भाई होने के कारण क्लब बार संचालक के मामले में प्रशासन मौन रह गया था और कोई कार्यवाही नहीं हुई थी और क्लब बार भाजपा के लाख विरोध के बावजूद संचालित होता रहा था और जबकि वह राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर भी स्थित है और जिला मुख्यालय मुख्य मार्ग पर भी स्थित है।

### क्या क्लब बार संचालक ने भाजपा में आने का निर्णय इसीलिए लिया है ताकी भाजपा शासनकाल में उसकी कमियां छिपी रहें ?

वैसे क्लब बार संचालक ने भाजपा में आने का निर्णय इसीलिए लिया है जिससे उसका क्लब बार भाजपा शासनकाल में प्रभावित न हो साथ ही उसकी कमियां भाजपा शासन में भी छिपी रहें और उसका संचालन बिना किसी अवरोध जारी रहे,कहा यह भी जा रहा है की सूत्रों द्वारा की क्लब बार संचालक ने भाजपा में प्रवेश के लिए उन सभी भाजपा नेताओं को मैंजेज भी किया है जो उसके विरोध में थे जब शासन कांग्रेस की थी। वैसे पूरे मामले में सच्चाई जो भी हो लेकिन क्लब बार संचालक के भाजपा प्रवेश के बाद कांग्रेसियों को यह कहने का मौका जरूर मिल गया है की भाजपा में शामिल होते ही सारे पाप खत्म हो जाते हैं लोग पाक साफ हो जाते हैं वहीं सभी गुनाह माफ कर दिए जाते हैं और वही क्लब बार संचालक के मामले में भी हुआ है जिसने पैसे की जैसे ही झलक दिखाई उसका भाजपा प्रवेश संभव हुआ वहीं उसका प्रवेश भी खुद लोकसभा प्रत्याशी भाजपा ने पार्टी में कराया।

### लोकसभा प्रत्याशी ने कराया भाजपा प्रवेश, कांग्रेस शासनकाल में भाजपा नेता ही थे क्लब बार संचालक के विरोधी

क्लब बार संचालक का भाजपा प्रवेश कोरबा लोकसभा प्रत्याशी की उपस्थिति में संभव हुआ,लोकसभा प्रत्याशी ने ही भाजपा का गमछा पहनाकर क्लब बार संचालक को भाजपा में प्रवेश दिलाया। पूरे मामले में सबसे ध्यान देने वाली बात यह है की यह वही क्लब बार संचालक है जिसका विरोध कांग्रेस शासनकाल में भाजपाई ही किया करते थे और धरना भी दिया था। उन्होंने क्लब बार के संचालन मामले में । अब लोकसभा प्रत्याशी की उपस्थिति में वही भाजपाई क्लब बार संचालक का भाजपा में स्वागत कर रहे हैं और उत्साहित होकर उसकी बड़ाई कर रहे हैं। वैसे इस मामले में जब सवाल खड़े हुए तब लोकसभा प्रत्याशी को भी जवाब देते समय असहज देखा गया और उन्होंने भी यह कहा की वह मामले में जानकारी लेकर बता पाएंगी की क्या सच है। वैसे लोकसभा प्रत्याशी कुछ भी कहें सच तलाशने की बात कहें लेकिन स्थानीय भाजपाई जानते हैं की सच क्या है और क्लब बार संचालक कौन है। क्लब बार संचालक स्वार्थ के लिए भाजपा में शामिल हुआ है यह एकमात्र सत्य है यही माना जा रहा है।

### क्लब बार संचालक है जनाधार विहीन,क्लब बार संचालक भी कारण बना था कांग्रेस प्रत्याशी की बड़ी हार का मनेंद्रगढ़ विधानसभा में

मनेंद्रगढ़ शहर का क्लब बार संचालक जिसका भाजपा प्रवेश हुआ है। भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी की उपस्थिति में वह जनाधार विहीन है और उसका विरोध भी कारण बना था। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की बड़ी हार का यह माना जाता है।बताया जाता है कि क्लब बार संचालक का क्लब बार शहर में उसके विरोध की वजह है और जिसके कारण शहर में कांग्रेस अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन कर सकी विधानसभा चुनाव में । क्लब बार संचालक के क्लब बार के कारण ही कांग्रेस की साख शहर में खराब हुई यह माना जाता है। वैसे कांग्रेस शासनकाल में उसे रोकने टोकने वाला कोई नहीं था और अब भी उसे कोई रोक टोक न करे इसलिए वह भाजपा में शामिल हुआ है यह लोगों का मानना है और लोगों का यह भी मानना है की जैसे ही फिर सत्ता परिवर्तन हुआ यह बदल जायेगा यही इसकी फितरत है।

### कुछ भाजपाई बता रहे क्लब बार संचालक को भाजपा के लिए फायदेमंद जबकि वह कांग्रेस के लिए ही रहा हानिकारक

क्लब बार संचालक के भाजपा प्रवेश पर कुछ भाजपाई अब उसे पार्टी के लिए फायदेमंद बता रहे हैं जबकि वह कांग्रेस के लिए ही कांग्रेस में रहते हुए नुकसानदायक साबित हो चुका है। कांग्रेस जिस शहर से लगातार चुनावों में एकतरफा प्रदर्शन करती रही वह इस विधानसभा चुनाव में काफी पिछड़ गई जबकि क्लब बार संचालक जैस ही लोग कांग्रेस पार्टी के खिवैया बने रहे पांच साल तक जबतक कांग्रेस का शासन प्रदेश में बना रहा। अब जब शासन भाजपा का प्रदेश में स्थापित हुआ वैसे ही क्लब बार संचालक भी भाजपा प्रवेश कर लिए हैं और वह भाजपा को भी निपटाएंगे यह माना जा रहा है।

### भाजपा में पहले की अपेक्षा अन्य दलों से प्रवेश हुआ आसान, अब सिद्धांत छोड़ पार्टी में प्रवेश के लिए पार्टी भी नजर आ रही तत्पर

पहले भाजपा में किसी का प्रवेश इतना आसान नहीं हुआ करता था।पहले भाजपा सिद्धांत पर चलकर ही अपने लिए कार्यकर्ता चयन किया करती थी,ऐसे ही किसी का भाजपा प्रवेश सम्भव नहीं हुआ करता था।खासकर दागदार चरित्र के लोगों का स्वार्थी लोगों का प्रवेश पार्टी में कभी संभव नहीं हुआ करता था। अब भाजपा में कभी भी किसी का प्रवेश संभव नजर आ रहा है। भाजपा के ही पुराने लोगों की माने तो पहले भाजपा में सदस्य बनने के लिए काफी कुछ साबित करना पड़ता था वहीं अन्य दलों से पार्टी में शामिल होने पर पहले तो मौका ही नहीं दिया जाता था और यदि मौका दिया जाता भी था तो निचले क्रम पर दिया जाता था और पुराने कार्यकर्ता को ही पहले क्रम पर रखा जाता था वहीं आज के परिदृश्य में पुराने कार्यकर्ता को भाजपा में तव्वजो कम दिया जाने लगा है और जो अन्य दलों से पार्टी में शामिल हो रहे हैं उन्हे ज्यादा महत्व दिया जा रहा है जो अब भाजपा की भी परंपरा बनती जा रही है। भाजपा इस तरह अब कमजोर होगी और कर्मठ कार्यकर्ता अब खुद का महत्व कम होता देख पार्टी से विमुख होंगे और जो पार्टी के लिए अच्छा नहीं होगा यह भी पार्टी के लोगों का मानना है। वैसे क्लब बार संचालक के पार्टी प्रवेश के बाद कई भाजपाई नाराज हुए हैं और उनकी नाराजगी केवल इस बात की है की पांच साल कांग्रेस शासनकाल में मजा मौज करने वाला भाजपा शासनकाल में भी मजा मौज करने शामिल हो गया है जो अनुचित है।

### भाजपा में शामिल होने क्लब बार संचालक ने चुकाई है कीमत,यह भी लग रहा है आरोप

क्लब बार संचालक ने भाजपा के शामिल होने के लिए लागत चुकाई है यह भी आरोप लग रहे हैं। आरोप लगाने वालों का कहना है की भाजपा को जो चाहिए वह क्लब बार संचालक के पास है इसलिए ही भाजपा में उनका प्रवेश संभव हो सका है।वैसे यदि क्लब बार संचालक कीमत चुकाकर भाजपा में प्रवेश कर सकें हैं और यह आरोप सही है तब तो यह भाजपा के नजरिए से अच्छी बात नहीं है क्योंकि भाजपा एक अनुशासित पार्टी मानी जाती है और एक क्लब बार संचालक यदि उसे अपने इशारे पर चलाने में यदि सफल हुआ है तो यह पार्टी के लिए उसकी साख के लिए अच्छी बात नहीं है।

## शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर कार्यालय का निर्माण शिकायत के बाद भी शासन-प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान ?

- संवाददाता -
एमसीबी-केल्हारी,07 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)

जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ के केल्हारी तहसील अन्तर्गत ग्राम बिछियाटोला में राइस मिलर दबंगई दिखाते हुए लगातार सरकारी जमीन पर बाउंड्री वॉल बनवाकर कब्जा कर रहा है। पूरा मामला ग्राम बिछियाटोला का है जिसमें



लगभग दो साल पहले से कोरिया राइस मिल संचालित हो रहा है और राइस मिल के सामने की भूमि शासकीय है लेकिन राइस मिलर सरकारी जमीन पर अपना आलीशान आफिस बना लिया है और आफिस के बाद अब बाउंड्री वॉल निर्माण करवा रहा है। शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्यवाही, 11 मार्च 2024 को इसकी लिखित शिकायत भरतपुर-सोनहत विधायक एवं साथ ही अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) केल्हारी को भी की गई थी, बावजूद इसके अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है, ना ही अवैध अतिक्रमण रूका हैं। बड़ा सवाल यह है कि शिकायत के बाद भी शासन-प्रशासन बेखबरक्यों दिखाई दे रहा है? या फिर राइस मिलर का दबदबा शासन-प्रशासन पर हावी है जिसमें कोई कार्यवाही करने से कतराते नजर आ रहे हैं।

## जिला युवा कांग्रेस कोरिया ने राजीव भवन बैकुंठपुर में युवा न्याय कार्यकर्ता सम्मेलन का किया गया आयोजन

- संवाददाता -
कोरिया,07 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

जिला युवा कांग्रेस कोरिया के नेताओं ने शनिवार को राजीव भवन बैकुंठपुर में युवा न्याय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया, यह सम्मेलन युवा कांग्रेस कोरिया के जिलाध्यक्ष राम सजीला यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रभारी सुश्री डॉ. पलक वर्मा, राष्ट्रीय संयोजक व लोकसभा कोरबा प्रभारी चंदन कुमार रॉय, छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष व कोरबा लोकसभा प्रभारी मानस पांडे, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव श्रसंजीव सिंह काजु, प्रदेश महासचिव कोमल अग्रवाल, सभी ने लोकसभा चुनाव और कांग्रेस की युवाओं के लिए न्याय की गारंटी के बारे में जानकारी दी। साथ ही वर्तमान हालत और परिस्थितियों पर चर्चा करते कहा कि भाजपा के शासन काल में रोजगार और शिक्षा स्वास्थ्य का स्तर पूरी तरह गिर चुका है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा बिल्कुल फेल साबित हो चुका है युवा कांग्रेस को भाजपा के प्रचार और प्रचार से घबराना नहीं है। बूथ पर लड़ना भी है और अड़ना भी है। उन्होंने कहा कि अग्निवीर के नाम पर युवाओं के साथ छलावा हुआ हैं, न्याय गारंटी कार्ड पोस्टर को लेकर घर-घर जाकर बांटने का काम भी युवा कांग्रेस करेगी। अगले एक महीने युवा कांग्रेस का हर कार्यकर्ता पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्य करेगा। कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के लिए घर-घर जाकर कांग्रेस के पांच न्याय की नीतियों के बारे में बताएगी. पलक वर्मा द्वारा सभी कार्यकर्ताओ को पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलाने व प्रतिदिन 10 घंटे काम करने का शपथ दिलाया गया।







### युवा कांग्रेस द्वारा कांग्रेस न्याय गारंटी कार्ड पोस्टर का किया विमोचन

इस मौके पर पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी, जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, बैकुंठपुर ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, चर्चा ब्लॉक अध्यक्ष अजीत लकड़ा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जयस्वाल, हेम सागर यादव, चंद्र प्रकाश राजवाड़े, गणेश राजवाड़े, आशीष डवरे, शहर अध्यक्ष श्री राजीव गुप्ता, प्रवीर भट्टाचार्य, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संगीता सोनवानी, सुरेंद्र तिवारी, आदित्य शर्मा, विनोद शर्मा, दीपक गुप्ता, मजिंद कौर, अशगरी बेगम, जिला उपाध्यक्ष सुजीत सोनी, उपाध्यक्ष संतोष सूर्यवंशी, चांदनी सोनी (बीडीसी), आरती गोयल (सुपर शक्ति शी संयोजक), धीरू शिवहरे, विपुल शुक्ला, मोनु मांझी, प्रज्ञानंद साहू, विजेंद्रदास मानिकपूरी, रोहित दुबे, सौरभ गुप्ता, शुभम तिवारी, छविशंकर सिरदार, कपिल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, लाल दास महंत, धनी दास, शरवन सिंह, गीता सिंह, प्रतिमा पैकरा, रेशमी पैकरा, अजय साहू, सूरज लाल यादव, संतोष, तरुण कुमार, सुमित कुमार, अनूप कुर्रे, अशद् इराकी, मनीष बजाज, मनोज साहू, राजकुमार बघेल, शंकर सिंह, राजेंद्र यादव, विजय मानिक पूरी, मोहन यादव, मनीष सिंह, जावेद, ओम प्रकाश मानिकपुरी, पुनर्वसु सिंह, मुकेश राजवाड़े, चंद्र प्रकाश साहू, अजय सिंह सोनहत् आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विधायक रेणुका सिंह नें किया वनांचल क्षेत्र रामगढ़ का दौरा

- जनता की समस्याओं से हुई रूबरू...क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को दुरूस्त करने दिया भरोसा

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़,07 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह नें शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड सोनहत के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र रामगढ़ के ग्राम सुकतरा, सेमरिया, अमृतपुर,उज्ञावं व सिंघौर पंचायत का दौरा किया,जहां उन्होंने आम के पेड़ के नीचे जन चौपाल लगाकर जनता के साथ स्वयं चटाई में बैठकर लोगों की व क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुई जहाँ उपस्थित जनसमुदाय नें क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, स्कूल व छात्रावास की बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग की साथ ही रामगढ़ के प्रमुख समस्या मोबाइल टॉवर और नेटवर्क की समस्या से विधायक को अवगत करवाया । ग्रामीणों का कहना है कि यंहा मोबाइल टावर तो है लेकिन नेटवर्क नही होने के कारण लोगों को बहुत समस्या जैसे स्वास्थ्य सुविधा हेतु यदि एम्बुलेंस बुलाना हो तो नेटवर्क नहीं होने के कारण पीड़ित को शासन की सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता है जिस पर विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि आज के इस आधुनिक युग में जहाँ सभी चीजें ऑनलाइन हो रही हैं और यंहा मोबाइल नेटवर्क नही होना बड़ी ही दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं आप सभी को भरोसा दिलाती हूँ कि जल्द ही आपको इन सभी समस्याओं निजात मिलेगी।



### क्षेत्र की देवतुल्य जनता का हृदय से आभार:रेणुका सिंह

विधायक रेणुका सिंह अपने रामगढ़ जनसंपर्क के दौरान जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह विधानसभा में आप सभी नें अपना प्यार और आशीर्वाद मुझे प्रदान किया मैं सदा आपकी आभारी रहूंगी और आपके हर सुख दुःख मैं आप मुझे अपने पास पाएंगे आपने मुझे विधायक बनाकर इस क्षेत्र की सेवा करने का जो अवसर दिया है मैं उसे पूरा करने का आपको भरोसा दिलाती हूँ।

### अबकी बार 400 पार

रेणुका सिंह अपने जनसंपर्क के दौरान लोगों से अपील करते हुए कहा कि मोदी जी का नारा अबकी बार 400 पार को पार करना है और एक बार फिर से मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है इसलिए आप सभी फिर से कमल छाप में वोट देकर भाजपा को विजयी बनाएं जिससे डबल इंजन की सरकार बन सके और देश सहित प्रदेश का चहुँमुखी विकास हो सके।

### भाजपा के 44 वें वर्षगाँठ पर भाजपाइयों को मिठाई खिलाकर दी बधाई

भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह नें भाजपा के 44वें वर्षगाँठ पर भाजपा कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी और कहा कि यह सभी भाजपा के जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं के अनेकों साल की मेहनत का फल है जो आज हम 4 से लेकर 400 पार लोकसभा सीट जीतने की बात व हिम्मत रखते है।

CMYK

# बहुचर्चित जमीन फर्जीवाड़ा कर अपने नाम दर्ज कराने वाला बंसु लोहार...

## आत्मसमर्पण की बात कह कर नहीं पहुंचा पुलिस की तगड़ी घेराबंदी के कारण न्यायालय



**सभी आरोपी पुलिस के पकड़ से बाहर...**



घटती घटना | अम्बिकापुर ,शुक्रवार 29 मार्च 2024

दैनिक घटती-घटना की मुहिम को मिली सफलता...शासन की भूमि फिर लौटेगी शासन के पास...सरगुजा कलेक्टर ने सुनाया फैसला



घटती घटना | अम्बिकापुर ,शुक्रवार 15 मार्च 2024

सरगुजा के बहुचर्चित शासकीय भूमि गबन का मामला...

कलेक्टर न्यायालय पहुंचे फर्जीवाड़ा करने वालों के वकील

अब से हर गुरुवार को यूट्यूब पर न्यायालय की कार्यवाही का होगा ऑनलाइन प्रसारण





घटती-घटना खबर का बड़ा असर...



घटती घटना | सरगुजा-समाचार | अम्बिकापुर ,मंगलवार 12 मार्च 2024

दैनिक घटती-घटना खबर के बाद राजमोहिनी शासकीय भूमि क्षति मामले में

सरगुजा कलेक्टर ने अनावेदक बंसू सहित 8 अनावेदकों को किया तलब

क्या अनावेदक सही दस्तावेज के साथ अपना पक्ष रख पाएंगे...या मामले को खींचने का यह है नयाब तरीका ?

- **भू-माफियाओं के चक्कर में अच्छा फंसा बंसू लोहार... वृद्धावस्था में करना पड़ रहा उसे परेशानियों का सामना**
- **अभी भी भू-माफियाओं को बंसू लोहार की नहीं अपनी है चिंता...बंसू ना लगे पुलिस के हत्थे और ना खोले अपना मुंह इसकी चिंता भूमाफियाओं को है ज्यादा...**
- **नियम विरुद्ध तरीके से बिकी शासकीय भूमि निजी खाते में हुई थी दर्ज कलेक्टर ने वापस की शासन को,अब निगम ने भी 8 लोगों को नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने को कहा**
- **निजी नाम पर दर्ज शासकीय जमीन को खरीदने वाले के फूल रहे हाथ पांव**
- **करोड़पतियों ने खरीदी थी जमीन...जमीन शासन को वापस होने पर परेशान हुए पैसा लगाने वाले करोड़पति**

- भूपेन्द्र सिंह -
अंबिकापुर,07 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

शासकीय जमीन फर्जीवाड़ा मामले में फरार बंसू लोहार आत्मसमर्पण की तैयारी में है। शनिवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण की सूचना पर सुबह से ही पुलिस मुस्तैद रही। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में लगी है। पुलिस की तगड़ी घेराबंदी के कारण बंसू लोहार न्यायालय में पहुंचा ही नहीं। उसके छिपने के संभावित ठिकानों पर भी पुलिस दबिश दे रही है। पूरे मामले में जमीन के जो क्रेता हैं या जिनके नाम पर शासकीय भूमि का अंतरण हुआ है उन्हे नगर निगम ने नोटिस जारी किया है और उन्हे अपना निर्माणाधीन अहाता हटाने निर्देश जारी किया है या निगम खुद अहाता हटाने की कार्यवाही करेगा यह जारी नोटिस में उल्लेख किया गया है और कहा गया है की अहाता निर्माण बिना सक्षम अनुमति के किया जा रहा है। वैसे पूरे मामले में यह भी ध्यान देने वाली बात है की शासकीय जमीन फर्जीवाड़ा मामले में उन राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों में से भी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है जो मामले में दोषी माने गए हैं या जिनकी जमानत याचिका भी सत्र न्यायालय से खारिज हुई है। वैसे बंसू लोहार भी वृद्ध है और इस अवस्था में वह भूमाफियाओं के चक्कर में फंसकर परेशान हो रहा है और उसकी परेशानी का हल फिलहाल होता नज़र नही आ रहा है।

### भू-माफिया खुद अपने बचाव में नजर आ रहे परेशान,बंसू को लेकर वह नहीं हैं परेशान

शासकीय जमीन फर्जीवाड़ा मामले में भू माफियाओं का किरदार ज्यादा अहम है बशर्ते मुख्य आरोपी बंसू लोहार के,बंसू लोहार एक मोहरा था भूमाफियाओं के लिए जो आज मामले में मुख्य आरोपी है लेकिन अब बंसू लोहार को लेकर भूमाफिया उतना चिंतित नहीं हैं जितना वह अपने लिए चिंतित हैं। भूमाफिया अपने बचाव में लगे हुए हैं और वह अब अपने लिए ज्यादा चिंतित हैं। बंसू लोहार को छोड़कर भूमाफिया अपने बचाव में लगे हुए हैं वहीं बंसू खुद छिपता फिर रहा है। भू-माफिया से ज्यादा जबकि बंसू की तलाश ज्यादा है। बंसू पूरे मामले में किस स्तर का लाभ प्राप्त कर सका है फर्जीवाड़ा में उसका क्या हिस्सा रहा है यह तो वही बता सकता है लेकिन सूत्रों की माने तो बंसू केवल नाम बतौर भूमाफियाओं का एक मोहरा था और पूरे मामले में भूमाफियाओं का ही किरदार अहम था लेकिन अब भूमाफिया बंसू को छोड़कर खुद को बचाने में लगे हुए हैं और बंसू की चिंता उन्हे बिल्कुल नही है।

ज्ञात होकी अंबिकापुर के नमनाकला राजमोहनी देवी भवन के पीछे स्थित करोड़ों की शासकीय जमीन का नियम विरुद्ध तरीके से अंतरण में बंसू लोहार आरोपित है। भू माफियाओं ने फर्जी तरीके से उसके नाम पर जमीन का नामांतरण करा कर बिक्री कर दिया था। सरगुजा कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने न्यायालय में इस प्रकरण की सुनवाई कर नामांतरण को शून्य घोषित कर जमीन को फिर से शासकीय भूमि में अंकित करने का फैसला सुनाया है। प्रकरण में तत्कालीन नजूल अधिकारी नीलम टोप्पो,राजस्व निरीक्षक नारायण सिंह, राहुल सिंह तथा नजूल लिपिक अजय तिवारी तथा फर्जी भू-स्वामी बंसू लोहार के विरुद्ध गैर जमानती धाराओं के तहत प्रकरण पंजीकृत किया गया है। सभी शासकीय सेवकों की अग्रिम जमानत याचिका सत्र न्यायालय से खारिज हो चुकी है। कलेक्टर न्यायालय में सुनवाई के दौरान बंसू लोहार एक पेशी में भी उपस्थित नहीं था। शुक्रवार को जमानत के लिए अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। इस पर शनिवार को सुनवाई थी। बंसू लोहार के शनिवार को आत्मसमर्पण की संभावना पर सुबह से ही पुलिस कर्मी तैनात थे। उसे गिरफ्तार करने की योजना थी। पुलिस की तगड़ी घेराबंदी और गिरफ्तारी के भय से वह न्यायालय में आया ही नहीं। मालूम हो कि इस मामले में अभी तक नामजद शासकीय सेवकों में से किसी एक की भी गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है।

#### वृद्ध है बंसू,अब इस अवस्था में वह हो रहा है परेशान

बंसू एक वृद्ध व्यक्ति है और वह इस उम्र में भूमाफियाओं के चक्कर में फंसकर अब परेशान हो रहा है जैसा बताया जा रहा है। बंसू इधर उधर छिपता फिर रहा है वहीं भूमाफिया उसकी बजाए निश्चिंत हैं और वह खुद को बचाने में पूरा ध्यान लगाए हुए हैं। बंसू मुख्य आरोपी माना जा रहा है जबकि उसका कितना लेना देना है प्रत्यक्ष रूप से पूरे मामले में यह वह खुद बता सकता है जब वह समाने आएगा। भूमाफियाओं के चंगुल में फंसकर वह अब परेशानियों में फंस चुका है और वह कब कैसे बाहर निकलेगा यह समाने देखने को मिलेगा। वृद्ध अवस्था में इधर उधर छिपता छिपाता बंसू अब कैसे खुद को बचा सकेगा यह भी आगे देखने को मिलेगा।

#### बंसू न चढ़े पुलिस के हत्थे न दे वह पुलिस को बयान...भूमाफियाओं की चिंता केवल इतनी ही...

भूमाफियाओं की चिंता पूरे मामले में यही है की बंसू पुलिस के हत्थे न चढ़े न ही वह अपना मुंह खोले,बताया जा रहा है की इसलिए भूमाफिया बंसू को समाने नहीं आने दे रहे हैं और बंसू छिपता फिर रहा है।

बंसू चाहकर भी भूमाफियाओं के चंगुल से बाहर नहीं निकल पा रहा है और भूमाफिया जैसा चाह रहे हैं वैसा ही वह कर पा रहा है। बंसू के पूरे परिवार पर भूमाफियाओं का नियंत्रण है और वह उन्ही के अनुरूप चल रहे हैं है यह भी बताया जा रहा है कुल मिलाकर बंसू के पूरे परिवार को भी भूमाफियाओं ने एक तरह से अपने चंगुल में कर रखा है और वह जैसा चाहते हैं वैसा ही वह व्यवहार कर रहे हैं।

#### आठ लोगों को नगर निगम ने भेजा है नोटिस,आठ लोगों ने ली है शासकीय जमीन

शासकीय जमीन फर्जीवाड़ा मामले में कुल आठ लोगों ने शासकीय जमीन की खरीदी की है जो उन्हे निजी बताकर बेची गई है। जमीन में जारी निर्माण को तत्काल रोकने और न रोक जाने पर उसे ध्वस्त करने का अंबिकापुर नगर निगम ने उन्हे नोटिस भेजा है। जमीन के क्रेता अधिकांश बड़े पूंजीपति लोग हैं और वह सच में अनभिज्ञ थे यह भी एक सवाल है क्योंकि पूंजीपति कभी बिना पता किए जमीन की खरीदी नहीं करते। कुल मिलाकर इस मामले में क्रेता भी प्रभावित हैं और उनका नुकसान होना तय है यदि उन्होंने सही मायने में जमीन महंगे दर पर खरीदी है।

## सरगुजा पुलिस द्वारा "ऑपरेशन विश्वास" के तहत् आबकारी एक्ट की कार्यवाही जारी

- **खुले एवं आमजगहों पर शराब पीने के मामले में की गई कार्यवाही**
- **अलग-अलग थानों में कुल 29 मामले में 36 आरोपियों के विरूद्ध की गई कार्यवाही**
- **आबकारी एक्ट की धारा 36(च) व 36(च)(1) के तहत् की गई कार्यवाही**
- **थाना कोतवाली, मणीपुरर, लखनपुर, सीतापुर, लुण्ड्रा, बतौली, उदयपुर और गांधीनगर पुलिस द्वारा की गई सख्त कार्यवाही**
- **सरगुजा पुलिस द्वारा "ऑपरेशन विश्वास" के तहत आबकारी एक्ट की कार्यवाही रहेगी जारी**



- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा ''ऑपरेशन विश्वास'' के तहत जिले में शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाये रखने हेतु आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही त्वरित और तेजी से की जा रही है। इस प्रकार की कार्यवाही से आपराधिक गतिविधि पर रोकथाम की जा सकेगी, एवं आमजनों में डर का माहौल नहीं रहेगा। इसी क्रम में ''ऑपरेशन विश्वास'' के तहत दिनांक 06 अप्रैल 2024 को जिले अन्तर्गत थानों के द्वारा खुले एवं आमजगहों पर शराब पीने वालों पर अलग-अलग मामलों में कुल 36 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36(च) व 36(च)(1) के तहत् कार्यवाही की गई है।

उक्त मामलों में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा कुल तीन प्रकरणों में सात आरोपियों के विरूद्ध धीरज जायसवाल 24 वर्ष निवासी बौरीपारा, आकाश कश्यप 32 वर्ष निवासी नवागढ़, राहुल शर्मा 22 वर्ष, संजय शर्मा 18 वर्ष दोनों निवासी बौरीपारा, ऋषिकेश पाण्डेय 32 वर्ष निवासी बौरीपारा, अमित मिंज 21 वर्ष निवासी भाथुपारा, संपत विश्वकर्मा 27 वर्ष निवासी चोरकाकछार, थाना मणीपुर पुलिस द्वारा कुल सात प्रकरणों में सात आरोपियों के विरूद्ध बुधराम राजवाड़े 40 वर्ष निवासी जगदीशपुर, रामजीत राजवाड़े 25 वर्ष निवासी जगदीशपुर, बलराम राजवाड़े 35 वर्ष निवासी जगदीशपुर, प्रभात मुण्डा 38 वर्ष निवासी लक्ष्मीपुर, रवि राजवाड़े 25 वर्ष निवासी जगदीशपुर, कमलेश 27 वर्ष निवासी कंठी, प्रेम टोप्पो 35 वर्ष लक्ष्मीपुर थाना लखनपुर पुलिस द्वारा कुल एक प्रकरण में एक आरोपी के विरूद्ध धर्मेन्द्र सिंह 25 वर्ष निवासी नावापारा, थाना सीतापुर पुलिस द्वारा कुल दो प्रकरणों में दो आरोपियों के विरूद्ध आकाश कुजूर 20 वर्ष निवासी काराबेल, सलमान अगरिया 23 वर्ष निवासी नर्मदापुर, थाना लुण्ड्रा पुलिस द्वारा कुल चार प्रकरणों में चार आरोपियों के विरूद्ध उमेश सिंह 25 वर्ष निवासी ससोली, दुर्गेश सिंह 27 वर्ष निवासी ससोली, अंकुश तिग्गा 28 वर्ष निवासी डोमनहील, अमन आकाश केरकेट्टा 30 वर्ष निवासी विश्रामपुर, थाना बतौली पुलिस द्वारा कुल दो प्रकरणों में दो आरोपियों के विरूद्ध रामकृपाल 32 वर्ष निवासी बासेन, पार्क पाण्डेश्वर केरकेट्टा 25 वर्ष निवासी केनापारा, थाना उदयपुर पुलिस द्वारा कुल दो प्रकरणों में दो आरोपियों के विरूद्ध विष्णु राम 20 वर्ष निवासी सरनापारा, उमेश्वर सिदार 19 वर्ष निवासी पल्का एवं थाना गांधीनगर पुलिस द्वारा कुल आठ प्रकरणों में बारह आरोपियों के विरूद्ध उमेश दास 38 वर्ष निवासी सिविल लाईन मनेन्द्रगढ़, देवनारायण केरकेट्टा 37 वर्ष निवासी गेल्हाचुआं, दिलीप तिग्गा 27 वर्ष निवासी लालमाटी, तहल लकड़ा 19 वर्ष निवासी पाकजाम, तेजेन्द्र कुमार 31 वर्ष रघुनाथपुर, सुनील कुमार 20 वर्ष खडगंवा, सुधीर कुमार 42 वर्ष विश्रामपुर, विरेन्द्र कुमार 26 वर्ष खडगंवा, अजय सिंह 30 वर्ष श्याम सुन्दर सिंह 27 वर्ष वाड्रफनगर, रावेल तिर्की 23 वर्ष मंगारी, रोशन एक्का 30 वर्ष सिलमा के विरूद्ध आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है।



## सुनालिया पूल पर बने पंडाल के धराशायी होने से मची अफरा-तफरी

- संवाददाता -
कोरबा,07 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

हिंदू नव वर्ष एवं रामनवमी का शुभारंभ दिनांक 09 अप्रैल को होना जिसके उपलक्ष्य में हिंदू संगठनों द्वारा जोर शोर से तैयारी की जा रही है। इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी जिसके लिए पूरा शहर दुल्हन की तरह सजाया जा रहा हैं। पर अचानक मौसम के बदलने एवं आंधी तूफान आने से पावर हाउस रोड में नहर पुल पर लगाए गए पंडाल अचानक धराशाई हो गई। गनीमत यह रही कि पंडाल गिरने से कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ वरना एक बड़ी घटना घट सकती थी । वही शहर के अंदर सड़क के किनारे लगे पेड़ों में लगी लाइटों से भी खतरा बना हुआ है, पेड़ पौधों में अचानक करंट फैलने से अनहोनी की आशंका बनी हुई है, जिस पर आयोजकों को विशेष तौर से संज्ञान में लेना होगा साथ ही शोभायात्रा के वक्त सुरक्षा का भी विशेष ध्यान देना होगा एवं जिस जगह यह घटना घटी वह टेंट एक पूल के ऊपर बनाया गया था,जिस पर आयोजकों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से विशेष ध्यान देना था । जिस तरह से आज सुबह करीब 8-30 बजे अचानक मौसम खराब होने पर तेज हवा चलने से पूरा पंडाल गिरा इससे यह तो साफ है के टेंट कर्मियों द्वारा पंडाल को सही ढंग से नहीं खड़ा किया गया वरना यह घटना नहीं घटती । वजह जो भी हो गनीमत यह रही कि एक बड़ी घटना घटने से टल गई । इस घटना के सूचना मिलने से मौके पर पहुंचे यातायात पुलिस एएसआई मनोज कुमार राठौर ने मातहतों के साथ मार्ग परिवर्तित कर लोगों की मदद से रोड जाम खुलवाने का कार्य किया, साथ ही टेंट हाउस के कर्मी और आयोजन से जुड़े लोग भी धराशायी हुए टेंट को सड़क से हटाने में मदद किए।

## सायबर सेल कोरबा एवं उरगा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में अवैध मादक पदार्थ के साथ 04 आरोपी हुए गिरफ्तार

- संवाददाता -
कोरबा,07 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

जिला पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी (भा.पु.से.) के द्वारा जिले में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने एवं अवैध नशे पर लगातार कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चौहान एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविंद्र कुमार मीना (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्रांतर्गत अवैध कारोबार करने वालों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त दिशा निर्देश के अनुसार पुलिस के द्वारा *सजग कोरबा* अभियान के तहत विभिन्न जगहों से सूचना प्राप्त हो रही थी, जिस पर कार्यवाही भी किया जा रहा है। इसी दौरान सायबर सेल कोरबा के टीम को सूचना मिली कि एक सिल्वर कलर के इको वाहन में कुछ लोग अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री हेतु ग्राहक की तलाश कर रहे है कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारीयों को अवगत कराते हुए सूचना पर तत्काल संदिग्ध आरोपी भाग न जाये इसलिये थाना उरगा पुलिस के साथ एक संयुक्त टीम बनाकर मुखबिर के बताए सूचना रेड कार्यवाही हेतु ग्राम संडैल की ओर रवाना हुए। पुलिस की टीम ग्राम संडैल में पहुंच कर नहर पुल के पास



घेराबंदी कर रेड किया गया। जहां संदेही वाहन व लाल रंग के प्लेजर को घेराबंदी कर वहां उपरोक्त चार व्यक्तियों को पकड़ा गया जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम 01. रूप लाल यादव पिता गंगा राम यादव उम्र 32 वर्ष निवासी शाहपुर थाना धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ 02.अनिकेत प्रजापति पिता समारोह राम उम्र 25 वर्ष निवासी बरपाली थाना उरगा जिला कोरबा 03. कमलेश अगरिया पिता समारोह राम उम्र 27 वर्ष निवासी पुली कुंडा थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ 04. झासू दास पिता दशरथ दास उम्र 38 वर्ष निवासी बडेगुमडा थाना घरघोड़ा जिला रायगढ़ बताया जिसके कब्जे से 05 किलो 500 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 47250 रुपए के साथ एक वाहन क्रमांक CG13 AY 2927 एवं लाल रंग का प्लेजर क्रमांक CG13 AS 6691 को जप्त किया गया है। गांजा कुल कीमती 41250 रुपये बिक्री रकम 47250 रूपये मारुति इको वाहन कीमती लगभग 03 लाख रूपये लाल रंग हीरो प्लेजर स्कूटी कीमती लगभग 20000 रूपये कुल जूमला कीमती 408500 रूपये है। आरोपीगणों के विरूद्ध धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के अंतर्गत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0)
उदयपुर,जिला सरगुजा,0छ0ग

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.../अ-02/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता हैं कि आवेदक अहिबरन यादव आ0 स्व0 जगन यादव जाति अहिर निवासी ग्राम पंडरीपानी द्वारा अपने स्वत्व व आधिपत्य की ग्राम पंडरीपानी तहसील उदयपुर स्थित भूमि ख0 न0 261/7 रकबा 0.116 में से रकबा 0.040 हे0 को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन कराने बावत आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं ।

अतः उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से दावा -आपति प्रस्तुत कर सकता हैं । निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 28.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी ।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उदयपुर

# कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच महाजंग

## लगातार दो हार के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ घरेलू हालात का फायदा उठाना चाहेगी चेन्नई सुपरकिंग्स

**चेन्नई,07 अप्रैल 2024।** गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम लगातार दो शिकस्त के बाद सोमवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में जीत के साथ वापसी करने के इरादे से उतरेगी तो उसे अपने शीर्ष क्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। लगातार दो हार के बावजूद सुपरकिंग्स की टीम पर दबाव नहीं होगा लेकिन प्रबंधन टीम की कमजोरियों का हल निकालने की कोशिश करेगा।

कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और प्रतिभावान रचिन रविंद्र को अपने खेल में सुधार करते हुए सुपरकिंग्स को पावर प्ले में अच्छी शुरुआत दिलानी होगी। गायकवाड़ 118.91 के स्ट्राइक रेट से ही रन बना पाए हैं जबकि रविंद्र पिछले दो मैचों में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं। मौजूदा टूर्नामेंट में सुपरकिंग्स के सबसे सफल बल्लेबाज शिवम दुबे हैं जिन्होंने 160.86 के स्ट्राइक रेट से 148 रन बनाए हैं। यह देखना होगा कि युवा समीर रिज्वी की टीम में वापसी होती है या नहीं। बीस साल के इस युवा बल्लेबाज ने अपने पहले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ छह गेंद में 14 रनबनाए थे लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खाता खोलने में नाकाम रहने के बाद उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले से बाहर कर दिया गया।

तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान और मथीसा पथिराना विभिन्न कारणों से टीम के पिछले मैच में नहीं खेल पाए जिससे सुपरकिंग्स के गेंदबाजी विभाग की कमजोरियां उजागर हुईं। अगर ये नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच से भी बाहर रहते हैं तो सुपरकिंग्स को उनकी भरपाई करने के लिए कुछ अलग सोचना होगा। अगर ये दोनों बाहर रहते हैं तो तेज गेंदबाजी विभाग में दीपक चाहर, तुषार देशपांडे




और मुकेश चौधरी जबकि स्पिन विभाग में मोईन अली, रविंद्र जडेजा और महेश तीक्षणा के कंधों पर जिम्मेदारी होगी। नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स अब तक टूर्नामेंट में अजेय रहे हैं और दोनों टीमों को बल्ले से निडर प्रदर्शन का फायदा मिला है। सुनील नारायण से पारी का आगाज कराना केकेआर के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रहा है।

मौजूदा सत्र में केकेआर के सबसे सफल बल्लेबाज नारायण को जल्दी पवेलियन भेजना सुपरकिंग्स के गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती होगी। फिल सॉल्ट ने भी पारी का आगाज करते हुए नारायण का अच्छा साथ दिया है। मध्य क्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर और रमनदीप सिंह को अधिक निरंतरता दिखानी होगी जबकि आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह ने अब तक प्रभावित किया है। हर्षित राणा, रसेल और वैभव अरोड़ा ने गेंदबाजी में केकेआर की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि शुरुआती दो मैच में नाकाम रहने के बाद मिचेल स्टार्क और वरूण चक्रवर्ती भी धीरे-धीरे लय हासिल कर रहे हैं। कुल मिलाकर केकेआर ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया है और वे अपनी एकादश में बदलाव करने से बचना चाहेंगे। चेपक की पिच पर एक बार फिर ढेरों रन बनने की उम्मीद है।

**टीम इस प्रकार हैंः-** चेन्नई सुपरकिंग्स महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी। **कोलकाता नाइट राइडर्स** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान। समयः मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# राजस्थान के जोस बटलर 100 वें आईपीएल मैच में शतक लगाने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए



**जयपुर,07 अप्रैल 2024।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मेन इन पिंक के लिए खराब प्रदर्शन के बाद, राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बल्लेबाज जोस बटलर ने विस्फोटक शतक के साथ फॉर्म में वापसी की। जिसने जयपुर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ विराट कोहली के शानदार शतक को पीछे छोड़ दिया। बटलर ने 58 गेंदों में नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से 100* रन बनाए। उनके रन 172 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से आए. यह बटलर का छठा आईपीएल शतक था, जो लंबे संघर्ष के बाद आया। इस शतक से पहले, बटलर ने अपनी पिछली दस आईपीएल पारियों में सिर्फ 183 रन बनाए थे, जिसमें तीन शून्य और पिछले साल सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 95 रन की पारी शामिल थी।

अब, वह आईपीएल में दूसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल की बराबरी पर आ गए हैं और विराट के आठ आईपीएल शतकों के सर्वकालिक रिकॉर्ड से तीन और दूर हैं। बटलर ने राजस्थान रॉयल्स के लिए अपना 11वां %प्लेयर ऑफ द मैच% पुरस्कार जीता, जो कि आईपीएल इतिहास में उनकी फ्रेंचाइजी के किसी खिलाड़ी द्वारा सबसे अधिक है, उन्होंने अनुभवी अजिंक्य रहाणे के 10 पुरस्कारों को पीछे छोड़ दिया। अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज लखनऊ सुपर जाइंट्स के केएल राहुल (2022 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ) के बाद अपने 100वें आईपीएल मैच में शतक बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए।

100 आईपीएल मैचों में, बटलर ने केवल 99 पारियों में 38.15 की औसत से 3,358 रन बनाए हैं, जिसमें छह शतक और 19 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 124 है. बटलर ने अजिंक्य रहाणे (100 मैचों में 2,810 रन) को भी पीछे छोड़ दिया, जो आईपीएल में आरआर के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए, उन्होंने 42.25 की औसत और 148 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 2,831 रन बनाए। उन्होंने छह शतक और 18 बनाए हैं। फ्रेंचाइजी के लिए अर्धशतक, 124 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ। इंग्लिश सुपरस्टार ने मुंबई इंडियंस (एमआई) के लिए भी खेला है। संजू सैमसन आईपीएल में फ्रेंचाइजी के शीर्ष स्कोरर बने हुए हैं, उन्होंने 134 मैचों में 30.87 के औसत और 139.28 से अधिक के स्ट्राइक रेट के साथ दो शतक और 28 अर्द्धशतक के साथ 3,581 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 119 है. मैच की बात करें तो आरआर ने पहले आरसीबी को फील्डिंग पर उतारा। कप्तान फाफ डु प्लेसिस (33 गेंदों में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 44 रन) और विराट कोहली (72 गेंदों में 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से 113* रन) के बीच 125 रनों की शुरुआती साझेदारी के बावजूद, आरसीबी अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रही। बोर्ड पर कुल मिलाकर, उनके 20 ओवरों में 183/3 का स्कोर तय हुआ।

युजवेंद्र चहल (2/34) आरआर के लिए चुने गए गेंदबाज़ थे। नांद्रे बर्गर ने भी एक विकेट लिया. रन-चेज़ में, आरआर ने यशस्वी जयसवाल को शून्य पर खो दिया। लेकिन कप्तान संजू सैमसन (42 गेंदों में आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 69 रन) ने जोस बटलर (58 गेंदों में नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से 100) का साथ दिया, जिन्होंने अपने 100वें आईपीएल मैच में शतक के साथ फॉर्म में वापसी की। . बाद में कुछ त्वरित विकेटों के बावजूद, आरआर ने पांच गेंद और छह विकेट शेष रहते हुए लक्ष्य का पीछा कर लिया। आरसीबी के लिए रीस टॉपले (2/27) सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। यश दयाल और मोहम्मद सिराज ने एक-एक विकेट लिया लेकिन यह पर्याप्त नहीं था। बटलर को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। आरआर अपने चार में से चार गेम जीतकर शीर्ष स्थान पर है, जिससे उन्हें आठ अंक मिलते हैं। आरसीबी अपने पांच मैचों में जीत के साथ आठवें स्थान पर है, जिससे उसे केवल दो अंक मिले हैं।

# डिफेंडिंग चैंपियन मैक्स वेरस्टैपेन ने एफ 1 सीजन की तीसरी जीत हासिल की



**टोकिया,07 अप्रैल 2024।** रेड बुल रेसिंग टीम के मैक्स वेरस्टैपेन ने रविवार, 7 अप्रैल को सुजुका सर्किट में शीर्ष पोडियम हासिल करने के बाद अपने जापानी ग्रां प्री खिताब का बचाव किया। डच ड्राइवर ने बहरीन और सऊदी अरब ग्रां प्री के बाद मौजूदा फॉर्मूला 1 सीज़न की तीसरी जीत हासिल की।अपनी कार में रियर ब्रेक की समस्या के कारण ऑस्ट्रेलियन ग्रां प्री की मुख्य दौड़ से बाहर होने के बाद वेरस्टैपेन के लिए यह वापसी की जीत थी। 24 वर्षीय अपने रेड बुल रेसिंग टीम के साथी सर्जियो पेरेज़ से +12.535 आगे थे, जो दूसरे स्थान पर रहे। जबकि ऑस्ट्रेलिया ग्रां प्री में सीजन का पहला खिताब जीतने वाले फेरारी के कार्लोस सैन्ज़ ने जापानी ग्रां प्री 2024 में तीसरा स्थान हासिल किया। मैक्स वेरस्टैपेन ने दौड़ में शुरुआती बढ़त हासिल की और चेकर ध्वज को पार करने वाले पहले व्यक्ति बनने के लिए अन्य ड्राइवरों से आगे रहने में कामयाब रहे। सात बार के विश्व चैंपियन ने ऑस्ट्रेलियन ग्रां प्री में असफलता के बावजूद ड्राइवर्स स्टैंडिंग में अपनी बढ़त बढ़ा ली।क्वालीफाइंग राउंड में भी मैक्स वेरस्टैपेन और उनके साथी सर्जियो पेरेज़ क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहे। हालाँकि, गत चैंपियन अपनी समय बढ़त में सुधार करने में सफल रहा। कार्लोस सैन्ज़ को लोंडो नॉरिस और उनके फेरारी टीम के साथी चार्ले लेक्लेर के गड्ढे वाली जगह पर टायर बदलने से फायदा हुआ। लेरलर्क अपने साथी सैंज के बाद चौथे स्थान पर रहे जबकि नॉरिस ने मुख्य दौड़ में पांचवां स्थान हासिल किया। एस्टन मार्टिन के फर्नांडो अलोंसो मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल और मैकलेरन मर्सिडीज के ऑस्कर पियास्त्री से आगे छठे स्थान पर रहे, जिन्होंने 7वां और 8वां स्थान हासिल किया।आरबी होंडा आरबीपीटी के डैनियल रिकियार्डो और विलियम्स मर्सिडीज के अलेक्जेंडर एल्बोन जापानी ग्रां प्री के पहले लैप में एक कार दुर्घटना में शामिल थे। यह बताया गया है कि रिकियार्डो और एल्बॉन शुरुआती लैप के दौरान टर्न 2 पर एक साथ आए और एक-दूसरे से टकरा गए।दोनों ड्राइवरों को कोई चोट नहीं आई लेकिन बाधाओं की मरम्मत के लिए दौड़ को एक पल के लिए रोक दिया गया। मलबा साफ होने के कुछ देर बाद दौड़ फिर से शुरू हो गई।इसके अतिरिक्त, जापान में मौसम की स्थिति के कारण कई ड्राइवर टायर रणनीतियों में शामिल थे।

# न्यूज़ीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान की टी 20 टीम के कोच होंगे चयनकर्ता यूसुफ और रज्जाक

**लाहौर,07 अप्रैल 2024।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस महीने के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला के लिए चयन समिति के सदस्यों मोहम्मद यूसुफ और अब्दुल रज्जाक को क्रमशः अंतरिम मुख्य कोच और सहायक कोच नियुक्त करने का फैसला किया है। यह फैसला तब किया गया जब लंबी अवधि की भूमिका के लिए विदेशी कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी के साथ बातचीत जारी है। बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि गिलेस्पी के साथ बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है क्योंकि वह लाल गेंद के प्रारूप के मुख्य कोच के रूप में कार्यभार संभालने के लिए सहमत हो गए हैं। कर्स्टन के साथ चर्चा को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है क्योंकि वह इंडियन प्रीमियर लीग में व्यस्त हैं। सूत्र ने कहा, ''गिलेस्पी सहमत हुए हैं लेकिन उन्होंने अपनी फीस और पाकिस्तान में उपस्थित रहने के दिनों के संदर्भ में शर्त रखी है।''





सूत्र ने कहा कि पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज टी20 विश्व कप के बाद उपलब्ध होगा जब पाकिस्तान बांग्लादेश, इंग्लैंड और दक्षिणा अफ्रीका के खिलाफ अपने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अभियान को आगे बढ़ाएगा। अगर सब कुछ योजना के मुताबिक हुआ तो कर्स्टन सफेद गेंद के प्रारूप के नए कोच होंगे। सूत्र ने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी20 मैच की श्रृंखला 18 अप्रैल से शुरू हो रही है इसलिए बोर्ड ने यूसुफ और रज्जाक को टीम की कोचिंग की जिम्मेदारी देने का फैसला किया है।

# प्रगनानंद ने गुजराती की सेबगाड़ी रोकी



**टोरंटो,07 अप्रैल 2024।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंद ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में शानदार खेल के साथ हमवतन विदित गुजराती को हराया।कैंडिडेट्स के लिए एकमात्र भाई-बहन के लिए यह एक संतोषजनक दिन साबित हुआ क्योंकि आर वैशाली ने भी बुल्गारिया की नर्ग्युल सालिमोवा की कीमत पर इवेंट में अपनी पहली जीत हासिल की, जो महिला वर्ग में एकमात्र निर्णायक गेम भी था।पुरुष वर्ग में, डी गुकेश ने कुछ बढ़त बनाने की कोशिश की, लेकिन वास्तव में रूस के इयान नेपोम्नियाचची की मजबूत सुरक्षा में सेंध नहीं लगा सके, जबकि फ्रांसीसी फ़िरोज़ा अलीरेज़ा का अतिरिक्त मोहरा संयुक्त राज्य अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारुआना के खिलाफ शून्य हो गया।हालाँकि, दूसरे अमेरिकी हिकारू नाकामुरा को अजरबैजान के निजात अबासोव के खिलाफ अश्वेत के रूप में आसान ड्रॉ हासिल करने में कोई कठिनाई नहीं हुई।

# कानून की कमियों के कारण बच गए क्रिकेटर श्रीसंत

**नयी दिल्ली,07 अप्रैल 2024।** दिल्ली के पूर्व पुलिस आयुक्त नीरज कुमार ने कहा है कि हितधारकों ने भारतीय खेलों में भ्रष्टाचार के खिलाफ कानून लाने में गंभीरता की स्पष्ट कमी दिखाई है और यही कारण है कि दागी पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत जैसा व्यक्ति आईपीएल 2013 में उनके खिलाफ स्पॉट फिक्सिंग के पुख्ता सबूत होने के बावजूद बच गया। सैंतीस वर्षों तक देश की सेवा करने वाले आईपीएस अधिकारी नीरज दिल्ली पुलिस के प्रभारी थे जब उनके मार्गदर्शन में स्पेशल सेल ने श्रीसंत और राजस्थान रॉयल्स के उनके साथी क्रिकेटरों अजीत चंदीला और अंकित चव्हाण को स्पॉट फिक्सिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था।

# दिव्येंदु शर्मा मिर्ज़ापुर 3 में मुन्ना भैया के रूप में नहीं लौटेंगे



दिव्येंदु शर्मा, जो अपनी हाल ही में रिलीज़ हुई फिल्म मडगांव एक्सप्रेस की सफलता का आनंद ले रहे हैं, ने खुलासा किया कि वह मिर्ज़ापुर के तीसरे सीज़न के लिए वापस नहीं आएंगे। उन्हें श्रृंखला में मुन्ना भैया की भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है।ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू में दिव्येंदु ने कहा कि जब वह किरदार में थे, तो इससे उनके व्यक्तित्व पर काफी असर पड़ा। हमें किसी किरदार में बहुत गहराई तक जाकर अति-रोमांटिक नहीं होना चाहिए, क्योंकि यह आसान नहीं है।

कभी-कभी, यह मेरे लिए वास्तव में अंधकारमय हो जाता था। मुझे घुटन महसूस होती थी। यह इतना मुश्किल है कि आपको पता ही नहीं चलता कि आप क्या कर रहे हैं। उस क्षेत्र में, जब आप इससे बाहर आते हैं तभी आपको एहसास होता है कि यह कितना अंधेरा था, उन्होंने कहा।इस बीच, मडगांव एक्सप्रेस का निर्देशन कुणाल खेमू ने किया है, इसमें प्रतीक गांधी, अविनाश तिवारी और नोरा फतेही भी थे।मिर्ज़ापुर भारतीय वेब स्पेस में सबसे लोकप्रिय शो में से एक रहा है।

हालाँकि, तीसरे सीज़न की रिलीज़ डेट की घोषणा अभी तक निर्माताओं द्वारा नहीं की गई है।मिर्ज़ापुर का पहला सीज़न 16 नवंबर, 2018 को रिलीज़ हुआ था। दूसरा सीज़न अक्टूबर 2020 में रिलीज़ हुआ था।मिर्ज़ापुर 3 में पंकज त्रिपाठी, अली फज़ल, श्वेता त्रिपाठी शर्मा, रसिका दुग्गल, विजय वर्मा, हर्षिता गौर, अंजुम शर्मा, प्रियांशु पेनयुली, शीबा चड्ढा, राजेश तैलंग, मनुऋषि चड्ढा और ईशा तलवार सहित अन्य कलाकार होंगे।

# प्रतीक गांधी,विद्या बालन ने एक प्रेम कहानी को नए सिरे से पेश करने का वादा किया

प्रतीक गांधी और विद्या बालन की मुख्य भूमिकाओं वाली दो और दो प्यार में इन अभिनेताओं की एक ताज़ा जोड़ी है। यहीं कारण हैजो फिल्म को 2024 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक बनाती है। फिल्म के निर्माताओं ने शनिवार को इसके ट्रेलर का अनावरण किया, जो दिखाता है यह फिल्म एक प्रेम कहानी को नए सिरे से पेश करने का वादा करती है। ट्रेलर की शुरुआत विद्या और प्रतीक द्वारा निभाए गए झगड़ते शादीशुदा जोड़े से होती है । और दिखाता है कि साथ रहते हुए भी वे कितने दूर हैं। इसके बाद ट्रेलर सेंथिल राममूर्ति और इलियाना डिक्रूज़ के साथ उनके परफेक्ट विवाहेतर संबंध की ओर इशारा करता है। हालाँकि, चीजें जल्द ही बदल जाती हैं जब विवाहित जोड़ा एक-दूसरे के करीब सोता है और एक-दूसरे के साथ समय मनाना शुरू कर देता है, फिर भी वे असमंजस की स्थिति में रहते हैं। ट्रेलर का अंत विद्या और प्रतीक द्वारा अपनी बालकनी में एक साथ रात्रिभोज का आनंद लेने के साथ होता है और अभिनेता द्वारा बोला गया संवाद ध्यान आकर्षित करता है। वह कहते हैं शाकाहारी लोगों को सेक्स की अनुमति है क्या? ट्रेलर हास्य, नाटक, रोमांस और निश्चित रूप से भ्रमित भावनाओं से भरा है। पिछले महीने, दो और दो प्यार के निर्माताओं ने इसका पहला गाना जज्बात है दिल जारी किया था। यह फिल्म एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन, अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत की गई है।




फिल्म दो और दो प्यार की घोषणा इसी साल जनवरी में एक मोशन पोस्टर के साथ की गई थी और इसके साथ ही रिलीज डेट भी सामने आ गई थी। यह रोमांटिक थ्रिलर पहले 29 मार्च 2024 को रिलीज़ होने वाली थी। दो और दो प्यार का निर्देशन शीर्षा गुहा ठाकुरता ने किया है और यह उनकी निर्देशन की पहली फिल्म है। यह फिल्म 19 अप्रैल को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है।

# मानवी गागरू ने मुन्ना भाई एमबीबीएस से संजय दत्त का डायलॉग किया कॉपी



एक्ट्रेस मानवी गागरू ने संजय दत्त स्टारर फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस से कुछ लाइन्स कॉपी की और इनका इस्तेमाल लंदन ट्रिप की फोटोज शेयर करते हुए कैप्शन में किया।मानवी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर हम्मस, ब्रेड और कुछ मसालेदार सब्जियों समेत कई डिशेज की एक झलक शेयर की।एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, खवानु, पीवानु, मज्जा नी लाइफ (खाओ, पीयो और जिंदगी के मजे लो)।कैप्शन के लिए उन्होंने जिस लाइन का इस्तेमाल किया, वह राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित कॉमेडी ड्रामा मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस. की फिल्म से लिया गया। यह फिल्म 2003 में रिलीज हुई थी। इस डायलॉग को संजय दत्त कैरम सीन में बोलते हैं।फिल्म में दिवंगत एक्टर सुनील दत्त, ग्रेसी सिंह और बोमन ईरानी भी हैं।मानवी को पिछली बार 2020 में बॉलीवुड फिल्म शुभ मंगल ज्यादा सावधान में देखा गया था।

## हॉस्पिटल से भागा कैदी खुद पहुंचा जेल



**रायपुर,07 अप्रैल 2024 (ए)।** एक और बड़ी लापरवाही की खबर सामने आ रही है। जगदलपुर जेल का कैदी रायपुर अंबेडकर अस्पताल से फरार हो गया। कैदी संजय सिंह कैंसर के इलाज के लिए 6 मार्च से आंबेडकर अस्पताल में भर्ती था। खबरों के अनुसार शनिवार देर शाम को जेल प्रहरी प्रिंस सोनी को चकमा देकर कैदी अस्पताल भाग गया और खुद ही जगदलपुर जेल पहुंच गया। कैदी हत्या के मामले में वर्ष 2010 से जगदलपुर जेल में बंद है। मामले में कैदी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इधर, प्रहरी की लापरवाही पर भी कारवाई की जा रही है। कैंदी नारायणपुर के तहसीलपारा का रहने वाला है।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय बदला गया




**दुर्ग,07 अप्रैल 2024 (ए)।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्मी की अधिकता के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए ग्रीष्मकाल की अवधि अर्थात 08 अप्रैल 2024 से 15 जून 2024 तक आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय 06 घंटे से घटाकर 04 घण्टे किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा से मिली जानकारी अनुसार जिले में आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन 08 अप्रैल 2024 से प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक होगा। ग्रीष्मकाल अवधि समाप्ति उपरांत 16 जून 2024 से पुनः आंगनबाड़ी केंन्द्रों का संचालन प्रातः 9.30 से 3.30 तक 06 घण्टे की अवधि के लिए किया जाएगा।

## कांग्रेस ने पीएम का कार्टून जारी कर कसा तंज




**रायपुर,07 अप्रैल 2024 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल बस्तर दौरे के मद्देनजर छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर कार्टून पोस्ट कर निशाना साधा है. कांग्रेस ने इसे भविष्यवाणी' करार दिया है.

कांग्रेस ने सोशल मीडिया में कार्टून पोस्ट करते हुए कहा कि कल बस्तर पधार रहे हैं साहब, स्क्रिप्ट उन्हें मिल चुकी है, लिख कर रख लीजिए यही होने वाला है. एक भी आपके सवालों का जवाब कल भी नहीं दिया जाएगा. भाजपा को वोट रूपी' लाठी अब जनता मारेगी। कार्टून में पत्रकार बढ़ती महंगाई, डीजल-पेट्रोल के बढ़ते दाम, रोजगार को लेकर सवाल कर रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी केवल एक ही जवाब दे रहे हैं कि मित्रों मुझे लाठी से बचा लो, ये लोग मुझे जान से मारना चाहते हैं।

# एंबुलेंस में हो रही थी करोड़ों की गांजा तस्करी

### बलौदाबाजार-भाटापारा सड़क मार्ग में पटपर चौक में नाकाबंदी कर 108 एंबुलेंस वाहन के माध्यम से गांजा तस्करी करने वाले आरोपियों को दबोचा गया

- » दो अंतराज्यीय तस्कर से 752 किलोग्राम गांजा बरामद
- » आरोपियों से 752 किलोग्राम (07 क्विंटल 52 किलोग्राम) अवैध मादक पदार्थ गांजा किया गया जप्त
- » जप्त गांजा का बाजार मूल्य लगभग 2 करोड़ 25 लाख 60 हज़ार रूपये
- » आरोपियों से नगद 50 हज़ार रुपये एवं गांजा परिवहन में प्रयुक्त 108 एम्बुलेंस वाहन भी किया गया जप्त
- » आरोपियों द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा, उड़ीसा से लेकर मध्यप्रदेश ले जाया जा रहा था
- » पुलिस द्वारा संपूर्ण कार्रवाई में 752 किलोग्राम गांजा, नगदी, एम्बुलेंस सहित कुल 2,41,10,000 का मशरूका जप्त करने में मिली सफलता




**भाटापारा-रायपुर,07 अप्रैल 2024(ए)।** विभिन्न माध्यमों से यह सूचना लगातार प्राप्त हो रही थी कि, जिले की सड़क मार्गों का गांजा तस्करों द्वारा एक सुरक्षित मार्ग के रूप में उपयोग किया जा रहा है। गांजा तस्करों के इस नेटवर्क को तोडने् एवं इस अवैध कार्य में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ हेतु लगातार कड़ी कार्रवाई होना अत्यंत आवश्यकता था। उक्त योजना पर कारगर कार्यवाही हेतु आईजी अमरेश मिश्रा के निर्देशन में वरिष्ठ पुलिसअधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर को जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ की ओर से गिधौरी, कसडोल,बलौदाबाजार होते हुए भाटापारा की ओर जाने वाली सड़क मार्ग में लगातार पुलिस द्वारा निगरानी करने हेतु निर्देशित किया गया, जिसका सुखद परिणाम आज देखने को मिला।

इसी बीच निरीक्षक परिवेश तिवारी थाना कसडोल को मुखबिर एवं विश्वस्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 06.04.2024 को सुबह 10.00 बजे सारंगढ़-बिलाईगढ़ की ओर से बलौदाबाजार होते हुए सड़क मार्ग द्वारा एम्बुलेंस वाहन के माध्यम से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर कुछ शातिर अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर आने वाले हैं। कि सूचना पर श्री आशीष अरोरा एसडीओपी भाटापारा के मार्गदर्शन में साइबर सेल से प्रभारी उप निरीक्षक प्रियेश जान, प्रधान आरक्षक भारत पठारी, आरक्षक यशवंत यादव अजय यादव, अभिनव चौबे, राकेश पाटले एवं अरविंद कौशिक की टीम द्वारा एंबुलेंस का पीछा किया जा रहा था तथा थाना भाटापारा ग्रामीण से थाना प्रभारी निरीक्षक अमित पाटले के नेतृत्व में उनि नारद बंजारे, प्रआर सुनील वैष्णव, नरेंद्र निषाद, मनोज वर्मा, आरक्षक तिलक चन्द्रवंशी, अजय साहू, कृष्णा जांगड़े, गौरीशंकर कश्यप, आशुतोष बंजारे की पुलिस टीम द्वारा बलौदाबाज़ार-भाटापारा सड़क मार्ग में पटपर चौक पेट्रोल पम्प के पास नाकाबंदी किया गया, जिसमें पेट्रोल पम्प के पास घेराबंदी कर एक 108 एम्बुलेंस वाहन को रोका गया। एम्बूलेंस में चालक सहित 02 लोग बैठे थे, जिनसे पूछताछ पर दोनों की गतिविधियां संदिग्ध लग रही थी। तत्पश्चात दोनों व्यक्तियों को नीचे उतारकर, एम्बुलेंस वाहन का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया।

108 एम्बूलेंस वाहना में तलाशी के दौरान वाहन के पीछे 24 प्लास्टिक बोरी में 752 पैकेट में बंधा अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात 108 एम्बुलेंस वाहन में मिले गांजा का विधिवत तौल कार्यवाही कराया गया, जिसमें एम्बुलेंस से कुल 752 किलोग्राम (07 क्विंटल 52 किलोग्राम) अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला जिसे विधिवत जप्त किया गया है। उक्त गांजा का बाजार मूल्य 2 करोड़ 25 लाख 60 हज़ार रूपये है। साथ ही 108 एम्बूलेंस वाहन क्र. 7836 अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपए तथा आरोपियों से नगद ?50,000 भी जप्त किया गया है। इस प्रकार संपूर्ण कार्रवाई में 752 किलोग्राम गांजा सहित कुल ?2,41,10,000 का मशरूका जप्त किया गया है। जांच पर एंबुलेंस वाहन की डेक्सबोर्ड में दो नंबर प्लेट, जिसमें रू॥43 क्क्ङ्ग 5728 भी जप्त किया गया है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में अपराध क्र. 211/2024 धारा 20 एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया जा रहा है।आरोपियों से पूछताछ एवं प्रकरण की जांच में पता चला कि आरोपी सागर चौहान द्वारा एंबुलेंस वाहन को रायपुर से लेकर आरंग, बसना, सरायपाली होते हुए बरगढ़ उड़ीसा ले जाया गया, तत्पश्चात वहां से गांजा लेकर सुहेला, डोंगरीपाली, बरमकेला, सारंगढ़, गिधौरी, लवन, बलौदाबाजार, भाटापारा होते हुए मध्य प्रदेश ले जाने की आरोपियों की योजना थी। एंबुलेंस वाहन हेमंत सिंह निवासी नवी मुंबई के नाम पर दर्ज है, जिसके द्वारा शिवशंकर नामक व्यक्ति के माध्यम से एंबुलेंस वाहन को अंकित दिल्ली निवासी को बिक्री करना बताया गया है, परंतु अभी तक वाहन स्वामी नाम ट्रांसफर नहीं कराया गया है। प्रकरण में एंबुलेंस स्वामी हेमंत सिंह, अब्दुल अंसारी निवासी मिशन रोड कोरबा एवं भिलाई निवासी प्रतीक की पतासाजी जारी है, प्रकरण विवेचना में है।

#### आरोपियों के नाम

- .सागर चौहान पिता जयप्रकाश चौहान उम्र 24 वर्ष निवासी चन्द्रनगर वार्ड न. 11 हनुमान मंदिर के पीछे कोहका थाना कुम्हारी ज़िला दुर्ग
- वकील कुमार गौतम पिता राजेंद्र गौतम उम्र 31 वर्ष निवासी धनावर थाना लालगंज ज़िला मिर्ज़ापुर उत्तर प्रदेश

## नायब तहसीलदार ने किया हडबड़ी में गड़बड़ी

### एसडीएम बनकर किया रिकार्ड दुरूस्त...मौके पर रकबा नहीं

**बिलासपुर,07 अप्रैल 2024 (ए)।** खबर सकरी तहसील कार्यालय से है। नायब तहसीलदार ने प्रभाव और दबाव में आकर हड़बड़ी में गड़बड़ी कर दिया है। एसडीएम अधिकार क्षेत्र का काम खुद कर दिया है। गड़बड़ी के बाद मामले को छिपाना अब मुश्किल साबित हो रहा है। जमीन मालिक के सामने नई परेशानी खड़ी हो गयी है। समस्या इस बात की है कि अब रसूखदार जमीन मालिक उसी काम को करवाने एसडीएम के सामने कैसे जाए। क्योंकि एसडीएम के सामना होते ही नायब तहसीलदार की ना केवल पोल खुल जाएगी। बल्कि एक एकड़ जमीन का सच भी सामने आ जाएगा। बहरहाल हार नहीं मानते हुए जमीन मालिक दलाल का सहारा ले रहा है।



#### क्या है मामला

मामला सकरी थाना क्षेत्र का है...नायब तहसीलदार के पटवारी हल्का क्षेत्र में बिलासपुर शहर का एक रसूखदार ने साल 1998 में किसान से अपने नाम 2 एकड़ जमीन खरीदा। जमीन खरीदी के बाद नामांतरण की रस्म अदायगी हुई। लेकिन रिकार्ड दुरूस्ती का काम नहीं हुआ। करीब 25 साल बाद शहर का रसूखदार जमीन को बेचने का मन बनाया। और बेच भी दिया। रिकार्ड दुरूस्ती का आवेदन करने के दौरान पता चला कि अभी जमीन पुराने मालिक के नाम पर ही दर्ज है। पहले पुराने रिकार्ड को दुरुस्त कराना होगा..इसके बाद नये मालिक के नाम पर जमीन चढ़ाया जाएगा।

#### हड़बड़ी में हो गयी गड़बड़ी

इसी बीच रसूखदार जमीन मालिक ने रिकार्ड दुरूस्ती के लिए दलाल से सम्पर्क कर नायब तहसीलदार के सामने आवेदन पेश किया। नायब तहसीलदार ने सौदा कर पुराने बी-1 के अनुसार नामांतरण के साथ रिकार्ड दुरूस्त किया। जानते हुए भी कि रिकार्ड दुरूस्त का अधिकार सिर्फ एसडीएम को है। लेकिन नायब तहसीलदार ने जोखिम लिया।

#### फंस गए नायब तहसीलदार

मजेदार बात है कि अब जमीन मालिक के सामने नई समस्या खड़ी हो गयी है। हड़बड़ी में दूसरे के अधिकार क्षेत्र में घुसकर रिकार्ड दुरूस्त करने के खेल में नायब तहसीलदार फंसते नजर आने लगे हैं। दरअसल हड़बड़ी के खेल में नायब तहसीदार ने रिकार्ड में एक एकड़ जमीन कम चढ़ा दिया है। ऐसा पुराने बी-1 के कारण हुआ। क्योंकि पुराने जमीन मालिक ने रसूखदार को बेचा दो एकड़ज लेकिन मौके पर रकबा सिर्फ एक एकड़ ही है।

#### बढ़ गयी मुसीबत

अब रसूखदार जमीन मालिक की समस्या चौतरफा बढ़ गयी है। पहले तो बिना नामांतरण रिकार्ड दुरूस्ती के जमीन बेचा। फिर बैक डोर से एसडीएम का काम तहसीलदार से करवाया। जमीन एक एकड़ कम हो गई है। जमीन खरीदने वाले नये ग्राहक ने रसूखदार पर जमीन के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। इधर नायब तहसीदार ने भी हाथ उठा दिया है कि जमीन रिकार्ड दुरूस्ती का काम अब एसडीएम ज्योति पटले ही अपने आईडी से कर सकेंगी। समस्या अब यह है कि यदि रिकार्ड दुरूस्त करने के लिए आवेदन किया गया तो नायब तहसीलदार और रसूखदार जमीनदार की पोल खुल जाएगी।

#### मंत्रालय से बनाया दबाव

बहरहाल रसूखदार जमीन मालिक अब बड़े अधिकारियों और नेताओं का चक्कर काट रहा है। बड़े दलालों से भी सम्पर्क साध रहा है। नायब तहसीलदार को बचाने के साथ, रिकार्ड में दो एकड़ जमीन वापस की गुहार लगा रहा है। ताकि बेचे गए ग्राहक को एक एकड़ की जगह दो एकड़ रिकार्ड थमा सके। यह जानते हुए भी कि मौके पर सिर्फ एक एकड़ जमीन है। जानकारी तो यह भी मिल रही है कि रसूखदार व्यापारी स्थानीय जिला प्रशासन पर मंत्रालय स्तर से दबाव बनवाने का प्रयास कर रहा है।

## रानू साहू-सौम्या चौरसिया से एसीबी और इओडब्ल्यू कर रही है पूछताछ

**रायपुर,07 अप्रैल 2024(ए)।** कोयला घोटाले को लेकर दर्ज एफ आईआर के बाद एसीबी और इओडब्ल्यू एक्शन में है। कोल स्कैम में आरोपी आईएएस रानू साहू और एसएएस सौम्या चौरसिया से लगातार पूछताछ चल रही है। कोर्ट से पूछताछ की मिली इजाजत के बाद आज तीसरे दिन भी पूछताछ चल रही है। माना जा रहा है कि पूछताछ की अवधि खत्म होने के बाद भी एसीबी इओडब्ल्यू और वक्त कोर्ट से मांग सकता है। हालांकि पूछताछ के दौरान अब तक क्या जानकारी सामने आ पायी है, इसे लेकर कुछ भी खुलासा नहीं हुआ है। इससे पहले रविवार के बावजूद कोल स्कैम मामले में रायपुर सेंट्रल जेल के महिला सेल में बंद निलंबित आईएएस रानू साहू और डिप्टी कलेक्टर सौम्या चौरसिया से पूछताछ चल रही है। कोर्ट ने 7 अप्रैल तक पूछताछ की इजाजत दी थी। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम रानू साहू और सौम्या चौरसिया से पूछताछ करने के लिए सुबह सुबह ही रायपुर सेंट्रल जेल पहुंची।



बता दें कि कोर्ट ने रानू और सौम्या से पूछताछ के लिए कोर्ट ने एसीबी और इओडब्ल्यू को तीन दिन का समय दिया था। दोनों को आमने-सामने बैठाकर अधिकारियों ने पूछ की है। एसीबी की टीम ने दोनों निलंबित महिला अधिकारियों से पूछताछ के लिए पहले से ही सवालों की लिस्ट तैयार रखी है। माना जा रहा है कि दोनों से पहले अलग-अलग और फिर बाद में साथ बैठाकर भी सवाल-जवाब को वैरीफाई किया गया। अब अधिकारियों के जवाब से जांच टीम कितनी संतुष्ट है, ये तो कोर्ट में ही पता चल पायेगा।

## मंदिर से मुकुट चोरी करने वाला शातिर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रायपुर,07 अप्रैल 2024(ए)।** राजधानी रायपुर के मौदहापारा थाना इलाके के मंदिरों में लगातार भगवान के मुकुट चोरी होने की शिकायतें आ रही थी। जिसके बाद स्थानीय पार्षद ने मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए। कैमरे लगे होने की जानकारी चोर को नहीं हुई। चोर जोरापारा के एक मंदिर पहुंचा। उसने भगवान के सामने हाथ जोड़े, फिर चालाकी से चांदी का मुकुट चोरी कर लिया।ये पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसके बाद चोर अगले दिन दोबारा पहुंचा तो लोगों ने उसे पकड़ लिया। इस मामले में मंदिर समिति के सदस्य चोर को पकड़कर मौदहापारा थाना शिकायत करने पहुंचे है। हालांकि इस मामले में फिलहाल



फिर दर्ज नहीं हुई है। जोरापारा के रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता मनीष कुमार साहू ने बताया कि इस इलाके में बीते 3 महीने से लगातार मंदिरों में भगवान के मुकुट चोरी हो रहे थे। सबसे पहले सतबह्िया मंदिर, शीतला मंदिर ने चोरी हुई। फिर शनिवार को श्री बरमदेव मंदिर से बरमदेव बाबा का मुकुट चोरी हो गया। लेकिन इस बार पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

## भूपेश बघेल के खिलाफ सिख समुदाय में आक्रोश

**राजनांदगांव ,07 अप्रैल 2024(ए)।** राजनांदगांव लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व सीएम भूपेश बघेल शनिवार को गुरुद्वारे में मोजा और सिर पर टोपी लगाए पहुंच गए। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सिख समुदाय विरोध जता रहा है। दरअसल, भूपेश बघेल चुनावी प्रचार-प्रसार के दौरान राजनांदगांव के बाघनदी पहुंचे थे, जहां गुरुद्वारा में भी मत्था टेकने गए। उनके साथ डोंगरगांव विधायक दालेश्वर साहू और कांग्रेस कार्यकर्ता भी थे। सभी कार्यकर्ताओं ने भी मोजा पहने हुए सिर को बिना ढके गुरुद्वारे में प्रवेश किया। इस मामले में सिख समुदाय का कहना है गुरुद्वारे में प्रवेश करते समय नियमों का पालन करना जरूरी है। जो हुआ नियम के विपरीत था। इससे समाज के लोग नाराज है। गुरुद्वारा साहेब के पावन और पवित्र स्थान में प्रवेश करने के कुछ नियम है। जिसे पालन करना पड़ता है। मोजा और टोपी पहनकर गुरुद्वारे के अंदर प्रवेश वर्जित है। इसी प्रकार सिर पर रुमाल या पटका रखकर या पगड़ी बांधकर ही श्री श्रीगुरुद्वारा साहेब में प्रवेश कर सकते हैं।



## राज्यपाल ने राजकुमार कॉलेज में नये छात्रावास भवन का उद्घाटन किया

**रायपुर,07 अप्रैल 2024 (ए)।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज राजकुमार कॉलेज रायपुर के नये छात्रावास भवन का फीता काट कर उद्घाटन किया।



श्री हरिचंदन ने कॉलेज का भ्रमण किया और विजिटर बुक में अपने उद्गार व्यक्त किये। उन्होंने लिखा कि जब वे राज्यपाल के रूप में छत्तीसगढ़ आये तो राजकुमार कॉलेज के बारे में बहुत कुछ सुना था और आज यहां आने का अवसर भी मिला। यहां महात्मा गांधी से लेकर अनेक महत्वपूर्ण व्यक्ति पधारे थे। यहां का वातावरण बहुत ही लुभावना है। हरे भरे पेड़ और लताओं से घिरा हुआ यहां का वातावरण रचनात्मकता के लिए प्रेरित करता है और उत्साह बढ़ाने वाला है। इस कॉलेज से निकले विद्यार्थी आज विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस कॉलेज से निकलने के बाद विद्यार्थी अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता के साथ समाज और देश की सेवा करेंगे।

## बीजापुर में मुठभेड़ में माओवादी प्लाटून कमांडर समेत 3 नक्सली ढेर



### सुरक्षा बलों और तेलंगाना ग्रे-हाउंड के ज्वाइंट ऑपरेशन में मिली सफलता

**बीजापुर,07 अप्रैल 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में उसूर थाना क्षेत्र के पुजारी कांकेर के नंबी व डोलीगुट्टा की पहाड़ियों व जंगल में नक्सलियों के साथ शनिवार को हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बल ने 25 लाख के इनामी समेत तीन नक्सलियों को मार गिराया है। मौके से तीन शव और एक लाइट मशीन गन, एक एके 47 आदि मिले हैं।एसपी जितेंद्र यादव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मारे गए नक्सलियों में प्लाटून नंबर 2 का कमांडर 25 लाख का इनामी सागर भी है। तेलंगाना की ग्रे-हाउंड और छत्तीसगढ़ पुलिस बल के संयुक्त अभियान में यह सफलता मिली है। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर सूचना के आधार पर दोनों राज्य की ओर से संयुक्त अभियान पर सुरक्षा बल को भेजा गया था।

## नशा का कारोबार करने वाले रेस्टोरेंट-क्लबों पर लगे ताले

### चिन्हित गुमास्ता की जांच कर उन्हें रद्द करने के निर्देश दिया गया

**भिलाई,07 अप्रैल 2024 (ए)।** वैशाली नगर विधानसभा के नेहरू नगर, सुपेला में ब्रेकफास्ट सेंटर, छोटे रेस्टोरेंट और बेटल शाप का गुमास्ता लायसेंस लेकर स्मोकिंग जोन की आड़ में अन्य खतरनाक फ्लेवर्स का नशा मुहैया कराने वाली सभी दुकानें तत्काल बंद करने विधायक रिकेश सेन के निर्देश बाद ऐसे चिन्हित प्रतिष्ठानों पर ताला लगना शुरू हो गया है। विधायक रिकेश सेन ने विधानसभा में कई वर्षों से संचालित ऐसे स्मोकिंग जोन की सूची बना इनका गुमास्ता कैंसल करने निगम प्रशासन को कहा था नतीजतन मार्केट व्यवसायियों की शिकायत बाद ऐसे चिन्हित व्यवसायियों का गुमास्ता रद्द करने की शुरुआत वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में हो चुकी है। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि नेहरू नगर में लंबे समय से ऐसे स्मोकिंग जोन की शिकायत वहां के व्यापारी कर रहे थे। स्मोकिंग जोन बना युवाओं की यहां देर रात तक बैठक होती थी और विभिन्न प्रकार का नशा यहां मुहैया कराया जा रहा था जिससे आस पास में पूरे मार्केट की छवि और वातावरण खराब हो रहा था। ऐसी दुकानों के पास नशे में लिप्त असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने से महिलाओं



और परिवार सहित मार्केट पहुंचे लोगों को काफी दिक्कतें होती थीं साथ ही ऐसी दुकानों पर लगी जमघट से लोग आसपास की दुकान जाने से कतराते थे। शुक्रवार की देर शाम यहां अचानक विधायक रिकेश सेन के पहुंचने पर दर्जन भर युवा वहां से भाग निकले थे। होटल ग्लासी और फुड फैक्ट्री के समीप पेड़ के नीचे बैंच लगा कर अनेक युवा और नाबालिग यहां कश लगाते बैठे थे। विधायक रिकेश सेन ने तत्काल संचालक को फोन लगा दुकान बंद करने कहा था। इस बीच मार्केट के व्यवसायियों ने विधायक को बताया कि ऐसी दुकानों के संचालन से पूरा मार्केट परेशान था। निगम प्रशासन को भी ऐसे चिन्हित गुमास्ता की जांच कर उन्हें रद्द करने के निर्देश दिए गए नतीजतन अब ऐसी दुकानों को बंद कराया जा रहा है। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि कई देश अब तंबाकू सेवन को खत्म करने की रणनीति की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। उन्होंने सडक़ों, समुद्र तटों और खुले पार्कों में भी तंबाकू सेवन पर प्रतिबंध लगाना शुरू कर दिया है जबकि हमारे देश में होटलों और रेस्तराओं जैसी बंद जगहों पर स्मोकिंग जोन की अनुमति है। यह धूम्रपान नहीं करने वाले लोगों के स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा है, हमें इस पर तत्काल प्रतिबंध लगाना होगा। स्मोकिंग जोन की आड़ में हुक्का फ्लेवर, तम्बाखू और अन्य जहरीले नशे परोसे जा रहे हैं जो कि युवा पीढ़ी के लिए ख़तरनाक है।

## 51 कर्मचारियों की नौकरी गई

### सहकारी बैंक में फर्जी तरीके से कर रहे थे नौकरी

**राजनांदगांव ,07 अप्रैल 2024(ए)।** जिला सहकारी बैंक में कांग्रेस शासन काल में फर्जी तरीके से 51 लोगों को विभिन्न पदो भर्ती का मामला सामने आया है जिसकी जांच के रजिस्टार फर्म एंड सोसायटी आधा दर्जन अधिकारियों की टीम जिला सहकारी बैंक में पहुंची थी। छत्तीसगढ़ विधानसभा में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने ध्यानर्कषण में एक प्रश्न लगाया था जिसमें राजनंदगांव जिला सहकारी बैंक में 51 विभिन्न पदों पर फर्जी तरीके से नियुक्तिया की गई थी जिसके बाद सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने जांच के आदेश दिया था। इन लोगों की नियुक्तियां शासन आदेश या नियमानुसार नियुक्ति नहीं की गई। इस पूरे मामले में पैसे के लेन-देन का मामला भी सामने आ रहा है। वहीं रजिस्ट्रार सहकारिता विभाग के नियम के तहत आधा दर्जन से अधिक रजिस्ट्रार के नेतृत्व में जांच की जा रही है। मामला अगर फर्जी नियुक्ती प्रथम दृष्टि फर्जी पाया गया जिसके चलते 51 दैनिक वेतन भोगी की सेवाएं पहले ही समाप्त कर दी गई है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)